19th वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2017-18

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम–मिनी रत्न श्रेणी-I)

Indian Railway Catering and Tourism Corporation Ltd.
(A Govt. of India Enterprise–Mini Ratna Category-I)

दृष्टिकोण VISION

"विभिन्न ग्राहक क्षेत्रों में यात्रा, पर्यटन और आतिथ्य–सत्कार संबंधी उच्च गुणवत्ता वाली सेवा प्रदान करने में अग्रणी बनने के साथ–साथ ग्राहक संतुष्टि का निरंतर उच्च स्तर बनाए रखना."

"To be the leading provider of high quality travel, tourism and hospitality related services, for a range of customer segments, with consistently high level of customer satisfaction."

मिशन MISSION

''आईआरसीटीसी आतिथ्य–सत्कार सेवाओं, यात्रा और पर्यटन, बोतलबंद पेयजल तथा इंटरनेट टिकटिंग के क्षेत्रों में यात्रियों, पर्यटकों और अन्य ग्राहकों के लिए वैल्यू एडिड प्रोडक्ट्स और सेवाएं उपलब्ध करवाकर स्वयं को अग्रणी साबित करेगा, जिसके लिए भारतीय रेलवे तथा गैर–भारतीय रेलवे संबंधी सेवाओं, जैसे एक लचीले बिजनेस पोर्टफोलियो का निर्माण करना, जो आरोह्य है और कड़ी प्रतिस्पर्धा पर आधारित है, को लक्ष्य बनाया गया है।'

"IRCTC will establish itself as a leader in the area(s) of hospitality services , Travel and Tourism, packaged drinking water, and Internet Ticketing by providing value added products and services for passengers, tourists and other customers, targeting IR and Non-IR related services alike, building a resilient business portfolio that is scalable and based on core competence."

कुल आय (करोड़ ₹ में)
Total Income (₹ in Crore)



सकल लाभ (करोड़ ₹ में)
PBDIT (Gross Margin) (₹ in Crore)



शुद्ध लाभ (कर के बाद लाभ) (करोड़ ₹ में)
Net Profit (Profit after Tax) (₹ in Crore)



कुल आय 2017–18 का खण्डवार वितरण
Segment-Wise Distribution of Total Income-2015-16



निदेशक मंडल (आम सभा बैठक के दिन)

श्री एम.पी. मल्ल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(18.09.2017 से)

पूर्ण–कालिक निदेशक

श्री वी. श्रीराम
निदेशक (खानपान सेवाएं)

श्रीमती रजनी हसीजा
निदेशक (पर्यटन एवं विपणन) (18.05.2018 से)

अंश–कालिक सरकारी निदेशक

श्रीमती स्मिता रावत
कार्यकारी निदेशक (एनएफआर एण्ड टी)
रेलवे बोर्ड

श्री नीरज शर्मा
कार्यकारी निदेशक (पीएम), रेलवे बोर्ड
(12.07.2018 से)

अंश–कालिक (गैर सरकारी) निदेशक

डॉ. रबी नारायण बोहिदर
स्वतंत्र निदेशक

डॉ. धीरज शर्मा
स्वतंत्र निदेशक

श्रीमती कनक अग्रवाल
स्वतंत्र निदेशक

प्रो. सचिन चतुर्वेदी
स्वतंत्र निदेशक
(10.10.2017 से)

श्री सी.आर. सुन्दरमूर्ती
स्वतंत्र निदेशक
(13.10.2017 से)

सुश्री सरिता देसपांडे
स्वतंत्र निदेशक
(29.03.2018 से)

आईआरसीटीसी की 19वीं वार्षिक आम बैठक

19th वार्षिक रिपोर्ट Annual Report 2017-18

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम–मिनी रत्न श्रेणी-I)

विषय–सूची

प्रलेख	पृष्ठों संख्या
दस वर्ष की वित्तीय सूचना	1
अध्यक्ष का संबोधन	2 - 4
निदेशकों की रिपोर्ट	5 - 33
निदेशकों की रिपोर्ट के लिए अनुबंध	
(i) अनुबंध – क : प्रबंधन परिचर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट	34 - 44
(ii) अनुबंध – ख : कॉरपोरेट अभिशासन की रिपोर्ट।	45 - 60
अनुबंध – ख–1: आचरण संहिता के अनुपालन के संबंध में घोषणा	61
अनुबंध – ख–2: मुख्य कार्यकारी अधिकारी और मुख्य वित्त अधिकारी का प्रमाणन	61
अनुबंध – ख–3: कॉरपोरेट अभिशासन के अनुपालन का प्रमाणपत्र	62
(iii) अनुबंध – ग : कॉरपोरेट सामजिक दायित्व एंड सतत् विकास पर रिपोर्ट	63 - 66
(iv) अनुबंध – घ : 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष की सचिवीय लेखा रिपोर्ट (फॉर्म नं एमआर–3)	67 - 69
(v) अनुबंध – ड़ : वार्षिक प्रतिफल का निष्कर्ष (फॉर्म नं एमजीटी–9)	70 - 75
(vi) अनुबंध – च : निदेशक रिपोर्ट के लिए परिशिष्ट	76 - 80
स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्टें एवं अनुबंध से रिपोर्ट	81 - 87
31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार तुलन–पत्र	88
31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि लेखा	89
31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह (कैश–फ्लो) विवरण	90
तुलन–पत्र और लाभ और हानि लेखा के साथ संलग्न टिप्पणियां	91 - 137
नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां	138

पूर्ण–कालिक निदेशक

डॉ. ए.के. मनोचा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (31.07.2017 तक)

श्री एम. पी. मल्ल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (19.09.2017 से) (13.10.2017 से निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार सहित)

श्रीमती ए.के. बरार, निदेशक (पर्यटन एवं विपणन) (30.11.2017 से)

श्री वी. श्रीराम, निदेशक (खानपान सेवाएं)

श्रीमती रजनी हसीजा, निदेशक (पर्यटन एवं विपणन) (18.05.2018 से)

अंश–कालिक (सरकारी) निदेशक

श्री बी. प्रशांत कुमार, कार्यकारी निदेशक (यात्री विपणन), रेलवे बोर्ड (24.05.2017 से)

श्री नीरज शर्मा, कार्यकारी निदेशक (यात्री विपणन), रेलवे बोर्ड (12.07.2018 से)

श्रीमती स्मिता रावत, कार्यकारी निदेशक (एनएफआर एवं टी), रेलवे बोर्ड

अंश–कालिक (गैर–सरकारी) निदेशक

डॉ. रबी नारायण बोहिदर, स्वतंत्र निदेशक

डॉ. धीरज शर्मा, स्वतंत्र निदेशक

श्रीमती कनक अग्रवाल, स्वतंत्र निदेशक

प्रो. सचिन चतुर्वेदी, स्वतंत्र निदेशक (10.10.2017 से)

श्री सी.आर. सुन्दरमूर्ती, स्वतंत्र निदेशक (13.10.2017 से)

सुश्री सरिता देशपांडे, स्वतंत्र निदेशक (29.03.2018 से)

पूरक सूचना

सीएफओ

श्री अजय श्रीवास्तव (21.08.2017 से)

कम्पनी सचिव

श्रीमती सुमन कालरा

सांविधिक लेखा–परीक्षक

मैसर्स सर्वा एसोसिएट्स, चार्टर्ड अकाऊन्टेन्ट्स
1011–1014, 10वां तल, आर जी ट्रेड टॉवर,
नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली–110005

आंतरिक लेखा–परीक्षक

मैसर्स के.एस. चौधरी एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट
212, एम.जे. शॉपिंग सेंटर, 3, वीर सावरकर ब्लॉक,
शकरपुर, दिल्ली–110092

लागत लेखा–परीक्षक

मैसर्स संजय गुप्ता एंड एसोसिएट्स,
सी4ई/135, जनक पुरी, नई दिल्ली–110058

सचिवीय लेखा–परीक्षक

मैसर्स अखिल रोहतगी एंड कम्पनी,
कम्पनी सचिव,
21, शामनाथ मार्ग, सिविल लाइन्स, दिल्ली–110054

बैंकर्स

1. एचडीएफसी बैंक
2. आईसीआईसीआई बैंक
3. बैंक ऑफ बड़ौदा
4. पंजाब नेशनल बैंक
5. स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
6. कॉरपोरेशन बैंक
7. ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स
8. सिंडीकेट बैंक
9. केनरा बैंक
10. बैंक ऑफ इंडिया
11. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
12. आंध्रा बैंक
13. इण्डियन बैंक
14. आईडीबीआई बैंक
15. सिटी बैंक
16. एक्सिस बैंक
17. स्टेंडर्ड चार्टर्ड बैंक
18. यस बैंक
19. यूको बैंक
20. विजया बैंक
21. फेडरल बैंक
22. कर्नाटका बैंक
23. इन्ड्सइन्ड बैंक
24. कोटक महिन्द्रा बैंक
25. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
26. बैंक ऑफ महाराष्ट्र
27. इलाहाबाद बैंक
28. करूर वैश्य बैंक
29. इण्डियन ओवरसिज़ बैंक
30. आरबीएल बैंक लिमिटेड
31. साऊथ इण्डियन बैंक
32. आईडीएफसी बैंक

पंजीकृत एवं कॉरपोरेट कार्यालय

11वां तल, स्टेट्समैन हाऊस,
बी–148, बाराखम्भा रोड, कनाट प्लेस,
नई दिल्ली–110001

इंटरनेट टिकटिंग सेन्टर

नया परिचालन सेन्टर, उत्तर रेलवे आरक्षण कार्यालय,
आईआरसीए परिसर, स्टेट एन्ट्री रोड,
नई दिल्ली–1100055

पर्यटन कार्यालय
एम–13, पुंज हाऊस, ब्लौक–एम, कनॉट प्लेस,
नई दिल्ली–110001

रेल नीर संयंत्र

रेलनीर संयंत्र, नांगलोई :
उत्तर रेलवे का वायरलेस स्टेशन एरिया,
नांगलोई बस डिपो के सामने, रोहतक रोड, नांगलोई,
दिल्ली–110041

रेलनीर संयंत्र, दानापुर :
लोको कॉलोनी, आर.पी.एफ. बैरक्स, खगौल,
दानापुर–801105

रेलनीर संयंत्र, पालूर :
रेलवे स्टेशन, तालुक चेंगलपट्टू
जिला कांचीपुरम, तमिलनाडु –603101

रेलनीर संयंत्र, अम्बरनाथ :
जीआईपी डैम के समीप एडिशनल एमआईडीसी,
पोस्ट आनन्द नगर, अम्बरनाथ (पूर्व),
जिला– थाने, महाराष्ट्र–421506

रेलनीर संयंत्र, अमेठी :
प्लाट नं. सी–11 व 12,
यूपीएसआईडीसी इडण्डस्ट्रियल एरिया,
टकरिया, गौरीगंज, जिला– अमेठी

रेलनीर संयंत्र, पारास्सला :
रेलवे यार्ड, न्यू पारास्सला रेलवे स्टेशन,
केरला–695502

रेलनीर संयंत्र, बिलासपुर :
प्लॉट नं. 22/23, सेक्टर–बी, सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र,
जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़–495004

सेन्ट्रल किचन :
प्लॉट नं. ए60, सेक्टर–64,
नोएडा – 301201

क्षेत्रीय कार्यालय

उत्तर जोन :
रेलयात्री निवास, भू–तल,
नई दिल्ली रेलवे स्टेशन,
अजमेरी गेट साइड, नई दिल्ली–110002

पूर्व जोन :
पुरानी कोयलाघाट बिल्डिंग,
3 कोयलाघाट स्ट्रीट, कोलकाता–700001

पश्चिम जोन :
दूसरी मंजिल, नई प्रशासनिक बिल्डिंग,
सेन्ट्रल रेलवे, छत्रपति शिवाजी टर्मिनल,
मुम्बई–400001

दक्षिण जोन :
6ए, द रेन ट्री प्लेस, 9 मैक निकोलस रोड,
चेटपेट, चेन्नै–600031

दक्षिण–मध्य जोन :
तीसरा तल, ऑक्सफोर्ड प्लाजा,
सरोजनी देवी रोड, सिकंदराबाद,
आंध्र प्रदेश–500003

दस वर्षीय आंकड़े

(रु. करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	2008 – 09	2009 – 10	2010–11	2011–12*	2012–13*	2013–14*	2014–15*	2015–16**	2016–17**	2017–18**
1	कुल आय	618.77	721.97	764.93	554.11	719.69	954.70	1,141.21	1,523.41	1598.71	1549.40
2	व्यय (स्टॉक में वृद्धि/कमी सहित)	536.68	614.63	620.69	462.83	611.24	810.52	906.76	1,193.58	1,242.31	1,181.35
3	परिचालन मार्जिन	82.09	107.34	144.24	91.28	108.45	144.18	234.45	329.82	356.40	368.05
4	ब्याज खर्च	–	0.03	0.30	–	–	–	–	1.81	2.54	2.91
5	मूल्यह्रास	10.10	12.55	14.15	14.74	16.04	16.77	20.42	21.22	22.41	23.66
6	कर पूर्व लाभ	73.85	94.76	129.79	76.54	92.41	127.41	214.03	306.79	331.45	341.48
7	कर बाद लाभ	46.50	63.05	60.79	48.54	58.84	72.01	130.63	197.30	214.69	222.02
8	घोषित लाभांश	9.31	12.61	12.16	9.71	11.77	14.40	26.13	75.45	84.68	88.81
9	इतर परियोजनाएं आरक्षित	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
10	सामान्य आरक्षित को स्थानांतरण	35.00	45.00	45.00	35.00	35.00	35.00	35.00	35.00	35.00	35.00
11	अन्य आरक्षित	–	–	2.00	–	–	–	–	–	–	–
12	आरक्षित एवं सरप्लस	94.46	142.76	191.41	226.70	271.77	326.92	424.25	680.57	738.34	907.71
13	शुद्ध अचल परिसंपत्तियां (ग्रास ब्लाक)	76.36	126.84	135.18	178.76	203.12	213.52	276.84	310.69	337.62	336.63
14	वस्तु सूची	5.19	7.79	6.21	5.45	9.08	9.53	9.54	8.26	6.58	7.41
15	विदेशी मुद्रा आय	30.85	13.48	13.27	12.53	11.06	11.80	21.89	35.23	47.51	37.59
16	शेयर पूंजी	20.00	20.00	20.00	20.00	20.00	20.00	20.00	20.00	40.00	40.00
17	नियोजित पूंजी	103.87	151.72	195.05	204.97	210.67	320.35	456.74	768.33	853.19	998.31
18	सरकारी निवेश	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
19	शुद्ध मूल्य	114.46	162.76	211.41	246.70	291.77	346.92	444.25	700.57	778.34	947.71
20	नियोजित पूंजी पर कर पूर्व लाभ (% में)	71.10	62.46	66.54	37.34	43.86	39.77	46.86	39.93	38.85	34.21
21	नियोजि त पूंज पर परिचालन मार्जिन (% में)	79.03	70.75	73.95	44.53	51.48	45.01	51.33	42.93	41.77	36.87
22	शेयर पूंजी पर कर के बाद लाभ (% में)	232.50	315.25	303.95	242.70	294.19	360.05	653.15	986.48	536.73	555.05
23	आय पर व्यय (% में)	86.73	85.13	81.14	83.53	84.93	84.90	79.46	78.35	77.71	76.25
24	कर्मचारियों की संख्या	3,780	2,645	1,934	1,762	1,725	1,672	1,511	1,483	1,494	1,464
25	प्रति कर्मचारी आय	0.16	0.27	0.40	0.31	0.42	0.57	0.76	1.03	1.07	1.06
26	प्रति कर्मचारी विदेशी विनिमय अर्जन	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.02	0.03	0.03
27	वर्तमान अनुपात	1.13	1.13	1.22	1.23	1.20	1.45	1.55	1.96	1.80	1.71
28	डेब्ट/इक्विटी अनुपात	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
29	निवेश	2.50	2.50	–	–	–	–	–	–	–	–

*आंकडें तुलन पत्र के संशेधित अनुसूची VI के प्रपत्र के अनुसार हैं।

**आंकडे भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण के अनुसार है

अध्यक्ष का संबोधन

प्रिय सदस्यों,

आईआरसीटीसी के निदेशक मण्डल की ओर से मैं आप सभी का आपकी कम्पनी की 19वीं वार्षिक आम सभा में स्वागत करता हूं। आप सभी को आज यहां उपस्थित होने के लिए हार्दिक धन्यवाद। आपका निरंतर समर्थन और सद्भावना कम्पनी की सफलता के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।

आपकी कम्पनी के उत्कृष्ट प्रदर्शन को एक बार फिर से प्रस्तुत करने पर गर्व महसूस कर रहा हूं। वित्त वर्ष 2017–18 को समाप्त वर्ष की लेखा परीक्षित वार्षिक वित्तीय विवरण और निदेशकों की रिपोर्ट के साथ नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणी आप सभी को पहले से परिपत्रित की गई है। मैं आपकी अनुमति से इसे आपके द्वारा पढ़ लिया गया मान लेता हूं।

वित्त वर्ष 2018 में कम्पनी के मुश्किल व्यवसायिक माहौल के वाबजूद आपकी कम्पनी ने मजबूत वित्तीय परिचालन प्रदर्शन जारी रखा है। हम अपने कार्यनिष्पादन को आपके साथ साझा करते हुए मैं गतिशील व्यवसाय माहौल में कम्पनी के भावी अवसरों और चुनौतियों का रखना चाहता हूं।

वित्तीय विशेषताएं

कम्पनी ने 2016–17 में 1538 करोड़ रुपये के टर्नओवर की तुलना में वर्ष 2017–18 में 1468 करोड़ रुपये का टर्नओवर रहा (केवल 4.8 प्रतिशत की कमी)। आईआरसीटीसी की वेबसाइट से बुक किए गए टिकटों से सेवा प्रभार वापस लेने के बावजूद यह टर्नओवर रहा। इसके परिणाम स्वरूप टर्नओवर में वित्त वर्ष 2018 में 500 करोड़ रुपये (अनुमानित) के नुकसान से कंपनी को प्रभावित किया।

मुझे यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि कंपनी ने पिछले वर्ष 331 करोड़ रुपये (अनुमानित) के मुकाबले 341 करोड़ रुपये (अनुमानित) करोपरांत लाभ (पीएटी) अर्जित किया। कंपनी की शुद्ध पूंजी भी 31.3.2017 को 778 करोड़ रुपये (अनुमानित) की तुलना में 31.3.2018 को 948 करोड़ रुपये (अनुमानित) तक हो गई।

निदेशक मंडल ने पिछले वर्ष भुगतान किए गए 84.68 करोड़ रुपये रुपये की तुलना में 2017–18 के लिए 88.81 करोड रूपए रुपये की राशि के 40% पीएटी के लाभांश की सिफारिश की है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक से 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण की अनुपूरक लेखा परीक्षा पर शून्य टिप्पणी प्राप्त हुई है। इससे पता चलता है कि यह कुशल लेखाकरण और प्रकटन पद्धतियों और वांछित जांचों और प्रणालियों के पालन से हो सका है।

कम्पनी को आशा है कि सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा वर्ष 2017–18 के लिए कम्पनी को स्वयं निर्धारण के द्वारा निर्धारित मापदण्डों से प्राप्त उपलब्धियों से **''बहुत अच्छी''** रेटिंग प्राप्त होने की उम्मीद है।

मैं अब उपस्थित सदस्यों के समक्ष वर्ष 2017–18 के दौरान कम्पनी के क्षेत्रवार कार्य–निष्पादन को संक्षिप्त रूप से रखना चाहता हूँः–

1. खानपान एवं आतिथ्य–सत्कार

प्रमुख चल इकाइयों का अधिग्रहण अक्टूबर 2017 में पूरा हुआ था। कुल 186 चल ठेकों को ठेकों के पुनर्मूल्यांकन के माध्यम से रेलवे से ले लिए गए हैं। कंपनी ने 25 फूड प्लाजा और 29 फास्ट फूड इकाइयों को भी शुरू किया गया जिससे पूरे भारतीय रेलवे में अब 254 परिचालन इकाइयों का प्रबंधन किया जा रहा है।

कार्य–कुशलता में सुधार और पारदर्शिता स्थापित करने के लिए कंपनी द्वारा निम्नलिखित पहल की गईः

- **वित्त वर्ष 18 में 16 बेस किचनों का उन्नयन और स्वचालन किया गया।**
- **आईआरसीटीसी की बेस–किचन और सेल किचनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।**
- **इन कैमरों की सहायता से केंद्रीय नियंत्रण कक्ष में इन किचनों की निगरानी के लिए एक तंत्र की स्थापना की गई और सीधा प्रसारण को जनता के लिए शुरू किया गया।**

- **''विभागीय गाड़ियों में आसान संभाल, पर्यावरण अनुकूल और तापमान बनाए रखने वाले गन्ने के बगासे (जैव–बायोडिग्रेडेबल) से तैयार पैकेजिंग'' सामग्री शुरू की गई।**
- **राजधानी, शताब्दी और दूरंतों गाड़ियों पर तैनात सभी ऑनबोर्ड कर्मियों को ''कृपया कोई टिप्स नहीं'' के प्रतीक चिन्ह लगे वर्दी का एक पूरा सेट जारी किया गया।**
- **राजधानी गाड़ियों में भोजन सेवा के लिए नवीन ट्रॉली का परीक्षण शुरू हुआ।**
- **अधिक वसूली के मामलों को रोकने के लिए, गाड़ियों में हैंडहेल्ड बिलिंग डिवाइस जारी किए गए।**
- **ऐप आधारित फीडबैक सिस्टम टैबलेट राजधानी, शताब्दी, दूरंतों (आरएसडी) गाड़ियों में ऑन–बोर्ड पर्यवेक्षकों के लिए शुरू किए गए।**

आपकी कम्पनी का लाइसेन्सी खानपान का राजस्व वर्ष 2016–17 के 161 करोड़ रुपए (अनुमानित) की तुलना में 2017–18 में बढ़कर 446 करोड़ रुपए (अनुमानित) रहा। विभागीय खानपान राजस्व वर्ष 2016–17 के 235 करोड़ रुपए (अनुमानित) की तुलना में 2017–18 में बढ़कर 277 करोड़ रुपए (अनुमानित) रहा।

2. रेल नीरः

नांगलोई, दानापुर, पालुर, अम्बरनाथ, अमेठी, परासाला और बिलासपुर संयंत्रों में रेल नीर का कुल उत्पादन पिछले वर्ष के 18.70 करोड़ बोतलों की तुलना में वित्त वर्ष 18 में 20.20 करोड़ बोतलें रही।

दिल्ली, पटना, पालुर, अंबरनाथ, अमेठी, परासल्ला और बिलासपुर में स्थित 7 परिचालित संयंत्रों के अलावा, कंपनी ने वित्त वर्ष 19 में चार अतिरिक्त संयंत्रों को चालू करने का लक्ष्य रखा है।

2017–18 के दौरान, आईआरसीटीसी ने 632 वॉटर वेंडिंग मशीनों को स्थापित किया। 31 मार्च 2018 तक, आपकी कंपनी ने भारतीय रेलवे में पहचान की गई 2500 वाटर वेन्डिंग मशीनों के मुकाबले 1735 वाटर वेंडिंग मशीनों को संचयी रूप से स्थापित किया है।

रेल नीर सेगमेंट का राजस्व 2016–17 के 159 करोड़ रूपए (अनुमानित) की तुलना में वर्ष 2017–18 में 166 करोड़ रूपए (अनुमानित) रहा।

3. यात्रा और पर्यटन

रेलवे पीएसयू होने की ताकत के साथ, आईआरसीटीसी की रेल पर्यटन में विशेषज्ञता है और वर्तमान में, इस सेगमेंट में बाजार में शीर्ष पर है। रेल पर्यटन के अलावा, आईआरसीटीसी ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी पर्यटन बाजार में बने रहने के लिए विभिन्न अन्य पर्यटन व्यवसायों में भी विविधता हासिल की है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू एयर पैकेज, लैंड टूर पैकेज, होटल बुकिंग, कस्टमाइज्ड और एलटीसी टूर आदि हैं। विभिन्न पर्यटन उत्पादों की बुकिंग के लिए एक ऑनलाइन पर्यटन पोर्टल कार्यात्मक है और इंटरनेट का उपयोग कर व्यवसाय की संभावना को टैप करने के लिए उपलब्ध है।

कंपनी आगामी वर्षों में वर्तमान पर्यटन व्यवसाय को बढाने और सुव्यवस्थित करने के साथ–साथ नए उत्पाद जैसे रेल टूर पैकेज, एयर पैकेज, ग्लास टॉप कोचों, इवेन्ट मैनेजमेन्ट, कॉरपोरेट यात्रा, बुद्धिस्ट विशेष पर्यटन गाड़ी शुरू करना है।

राज्य विशेष पर्यटन गाड़ियों को कम संख्या में चलने के कारण आईआरसीटीसी के यात्रा एवं पर्यटन व्यवसाय में वर्ष 2016–17 के 529 करोड़ रूपए (अनुमानित) की तुलना में वर्ष 2017–18 में 407 करोड़ रूपए (अनुमानित) की आय से कमी आई है तथापि, वर्तमान वर्ष में इसमें बढ़ोत्तरी होगी।

4. इंटरनेट टिकटिंग

आईआरसीटीसी की ई–टिकटिंग सेवा भारतीय रेलवे की ऑनलाइन बुक की जाने वाली आरक्षित टिकटों का अब 66% (अनुमानित) हो गई है। वर्ष 2017–18 के दौरान औसतन 6.75 लाख से अधिक टिकटें आईआरसीटीसी की वेबसाइट के माध्यम से प्रतिदिन बिक्री की गई हैं।

रेल मंत्रालय ने 23 नवम्बर 2016 से सेवा प्रभार समाप्त कर देने का इस क्षेत्र में राजस्व पर विपरीत प्रभाव पड़ा है तथापि रेल मंत्रालय के द्वारा जारी नीति निर्देशों के अुनसार आईआरसीटीसी के द्वारा वेबसाइट, विपणन, परिचालन और बिक्री पश्चात् सेवा के लिए वार्षिक खर्च हेतु वित्त वर्ष 2018 में 80 करोड रूपए की प्रतिपूर्ति की गई।

इस सेगमेन्ट के तहत आपकी कम्पनी द्वारा की गई पहलों में यूपीआई/बीएचआईएम भुगतान का विकल्प उपलब्ध कराना है; उपयोगकर्त्ता आईडी से आधार को लिंक कराना; अनुभूति श्रेणी के कोच की बुकिंग और आईआरसीटीसी उपयोगकर्त्ताओं के लिए अभी बुकिंग करो और भुगतान बाद में करो (15 दिनों के बाद) की सुविधा शुरू करना है।

इंटरनेट टिकटिंग क्षेत्र से प्राप्त राजस्व 2016–17 के 470 करोड़ रुपये की तुलना में 2017–18 में 204 करोड़ रुपये रहा। यह वेबसाईट पर विज्ञापन, डाटा मोनीटाइजेशन, ई नीलामी, रिटेल प्रबंधन आदि के पूरी क्षमता से उपयोग करने से संभव हो सकता है।

5. कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व और कॉरपोरेट अभिशासन

सामाजिक रूप से जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, आईआरसीटीसी नैतिक, पारदर्शी और सशक्त अभिशासन प्रथाओं के आधार पर सीएसआर के माध्यम से आसपास के समुदायों के जीवन की गुणवत्ता में सतत विकास और सुधार को बढ़ावा देने में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करता रहा है। वित्त वर्ष 18 के दौरान, सीएसआर के केन्द्रित क्षेत्र में पर्यावरणीय स्थिरता, स्वच्छता और स्वास्थ्य रहे हैं। वित्त वर्ष 18 के दौरान 5.68 करोड़ के सीएसआर बजट में से, कंपनी ने 5.43 करोड़ रुपये खर्च किए और 24.29 लाख की खर्च नहीं हुई राशि अगले वर्ष के बजट में शामिल की जाएगी।

कॉर्पोरेट अभिशासन की आपकी कंपनी का दर्शन इसकी धारणा से उत्पन्न होता है कि सुशासन की भावना, पारदर्शिता का उच्च स्तर, उत्तरदायित्व, नैतिक व्यापार प्रथाओं, कानून का अनुपालन, सच्ची भावना द्वारा पर्याप्त प्रकटीकरण, कॉरपोरेट निष्पक्षता, सामाजिक जवाबदेही और हितधारकों की आकांक्षाओं और सामाजिक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए संगठन के प्रति वचनबद्धता का उच्च स्तर पर पालन करना। आपकी कंपनी कंपनी अधिनियम और डीपीई दिशानिर्देशों में निर्धारित कॉरपोरेट अभिशासन की आवश्यकताओं का अनुपालन कर रही है।

जैसा कि सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों में निर्धारित किया गया है, कॉरपोरेट अभिशासन पर एक अलग सेक्शन निदेशकों की रिपोर्ट में जोड़ा गया है और कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन के संबंध में कंपनी अधिनियम 2013 के अन्तर्गत प्रमाणपत्र के अलावा एक प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव द्वारा सचिवीय लेखा परीक्षा कराके प्राप्त किया गया है।

6. आभार

अंत में, मैं आभार करना चाहता हूँ कि यह सभी केवल कंपनी के कर्मचारियों द्वारा निरंतर और समर्पित प्रयास और कड़ी मेहनत के कारण संभव हो सका है। कंपनी के प्रबंधन की तरफ से, मैं भारत सरकार, रेल मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय, सार्वजनिक उद्यम विभाग निवेश एवं सार्वजनिक सम्पत्ति प्रबंधन विभाग, वित्त मंत्रालय और क्षेत्रीय रेलवे, सभी राज्य सरकारों, विभागों और हमारे सहयोगियों को आपकी कंपनी में विश्वास और भरोसा करने के लिए धन्यवाद देता हूं।

मैं बोर्ड के सदस्यों, वैधानिक लेखा परीक्षकों, सचिवालय लेखा परीक्षक, सीएंडएजी और अन्य संगठनों और संस्थानों के द्वारा उनके सतत समर्थन, मार्गदर्शन और सहयोग आईआरसीटीसी को करने के लिए हार्दिक प्रशंसा और आभार प्रकट करता हूं। यह निश्चित रूप से कंपनी के सभी हितधारकों को लाभ पहुंचाने वाली कंपनी के निरंतर विकास, विस्तार और समृद्धि के लिए हमारे सर्वोत्तम प्रयासों में शामिल होने का हमारा प्रयास होगा।

धन्यवाद।

हस्ता./.
(एम. पी. मल्ल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
DIN: 02316235

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 27 सितम्बर, 2018

(टिप्पणी: इसे वार्षिक आम बैठक की कार्यवाही का अंग न समझा जाए)

निदेशकों की रिपोर्ट

सम्मानित सदस्यगण,

आपके निदेशकों को आपकी कंपनी के व्यापार एवं परिचालन की 19वीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ –साथ 31 मार्च 2018 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए लेखों के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों, लेखा परीक्षा रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा वित्त वर्ष के वित्तीय विवरणों की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है। कम्पनी का विस्तृत वित्तीय और परिचालन निष्पादन रिपोर्ट में दिया गया गया है।

1. वित्तीय परिणाम

वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान कम्पनी का वित्तीय निष्पादन के मुख्य अंश वित्त वर्ष 2016–17 की तुलना में निष्पादन के साथ नीचे दिया गया हैः–

(₹ करोड़ो में)

विवरण	वित्त वर्ष 2017–18	वित्त वर्ष 2016–17	प्रतिशत बढ़ोत्तरी/गिरावट
टर्नओवर	1468.18	1538.93	(4.59)
कुल आय	**1544.16**	**1595.30**	**(3.21)**
कर पूर्व लाभ	**341.48**	**331.45**	**3.03**
कर के लिए प्रावधान	119.46	116.76	2.31
कर के बाद लाभ	**222.02**	**214.69**	**3.41**
अग्रेणीत लाभ	353.42	330.65	22.77
सामान्य आरक्षित निधि को अंतरित	35.00	35.00	–
अन्तरिम लाभांश	–	37.50	(100)
अंतिम लाभांश (अन्तरिम लाभांश और लाभांश वितरण कर सहित)	106.89	101.92	4.88
आरक्षित एवं सरप्लस	907.71	728.84	22.94
शुद्ध मूल्य	947.71	778.34	21.76
प्रतिशेयर आय (रूपयों में)	55.51	52.93	4.87

क. पूंजीगत संरचना

31 मार्च 2018 को कम्पनी की अधिकृत शेयर पूंजी और प्रदत्त शेयर पूंजी क्रमशः 50 करोड़ और 40 करोड़ थी। कम्पनी की संपूर्ण प्रदत्त शेयर पूंजी रेल मंत्रालय के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति (भारत सरकार) के और इसके नामितियों के पास है।

ख. लाभांश

निवेश और सार्वजनिक सम्पत्ति प्रबंधन विभाग के दिनांक 27 मई 2016 में दिए गए दिशा निर्देशों में वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का न्यूनतम लाभांश शुद्ध पूंजी का 5 प्रतिशत या करोपरांत लाभ का 30 प्रतिशत होना चाहिए। उपरोक्त को देखते हुए निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2017–18 के लिए प्रदत्त शेयर पूंजी 40 करोड़ रुपये पर अन्तिम लाभांश 222% की सिफारिश की है। वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान प्रस्तावित अन्तिम लाभांश की राशि 88.81 करोड़ रुपये थी और कुल लाभांश (वितरण कर सहित) जोकि वित्त वर्ष 2016–17 के 101.92 करोड़ रुपये की तुलना में 106.89 करोड़ रू. है। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 4.88 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान कुल लाभांश भुगतान पी.ए.टी. का 40% और 31.03.2018 को शुद्ध पूंजी का 9.37 प्रतिशत है। अन्तिम लाभांश का भुगतान आगामी वार्षिक आम सभा में शेयर धारकों के अनुमोदन की शर्त सहित होगा।

ग. रेल मंत्रालय के राजस्व में योगदान

वर्ष के दौरान कम्पनी ने रेल मंत्रालय के राजस्व में भी पिछले वर्ष के 327.31 करोड़ रुपये की तुलना में कुल 185.05 करोड़ रुपये का अंशदान किया। रेल मंत्रालय के राजस्व में किए गए अंशदान में ढुलाई प्रभार, कंसेशन फीस, लाइसेन्स फीस, उपयोगकर्त्ता प्रभार और लाभांश शामिल हैं।

घ. आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव

केन्द्रीय बजट 2017 में आपकी कम्पनी के शेयरों को स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध करने की घोषणा की गई थी तथापि इसे आगे बढाने के लिए रेल मंत्रालय की पुष्टि की प्रतीक्षा है।

2. परिचालनिक निष्पादन

वर्ष 2017–18 के दौरान क्षेत्रवार परिचालनिक निष्पादन का विवरण नीचे दिया गया है:–

क. खानपान एवं आतिथ्य सत्कार

ख. यात्रा एवं पर्यटन

ग. इंटरनेट टिकटिंग

घ. बेतलबंद पीने का पानी (रेल नीर)

(क) खानपान एवं अतिथि सत्कार :–

आईआरसीटीसी के खानपान और अतिथि सत्कार के क्षेत्रवार कार्य निम्न प्रकार विभाजित है:



विभागीय खानपान इकाइयों से होने वाला घाटा वर्ष 2017–18 में घटकर 14.86 करोड रू. हो गया है जबकि, पिछले वर्ष यह 54.18 करोड़ रुपये का था। 27.02.2017 से नई खानपान नीति लागू होने से विभागीय खानपान क्षेत्र में घाटा और कम होगा।

1. रेलवे खानपान

i. चल खानपान

31.03.2018 को आईआरसीटीसी 08 राजधानी, एक–एक तेजस और गतिमान, 07 शताब्दी, 14 दूरंतों, 12 हमसफर, 03 जन शताब्दी और 97 मेल एक्सप्रेस गाड़ियों में अस्थाई लाईसेन्स प्रदान करके ऑन बोर्ड खानपान सेवाओं का प्रबंधन कर रहा है। आईआरसीटीसी राजधानी/शताब्दी/जनशताब्दी की एक–एक और 03 मेल एक्सप्रेस गाड़ियों में विभागीय परिचालनों के द्वारा भी परिचालित कर रहा है। रेल मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017–18 के दौरान 01–01 तेजस, राजधानी और शताब्दी, 07 हमसफर और 10 मेल एक्सप्रेस गाड़ियों शुरू की है और आईआरसीटीसी इन गाड़ियों में ऑनबोर्ड खानपान सेवाएं प्रबंधन कर रहा है।

खानपान नीति–2017 के अनुसार आईआरसीटीसी को खानपान सेवाओं का चरणबद्ध रूप से प्रबंधन शुरू करना है और विशेष रूप से भोजन तैयार करने और भोजन वितरण में प्राथमिक रूप से अन्तर करके अलग–अगल करना होगा। आईआरसीटीसी को भोजन तैयार करने की गुणवत्ता का उन्नयन करने का शासनदेश दिया गया है और नई किचनों की स्थापना और वर्तमानों का उन्नयन करेगा। आईआरसीटीसी को चल यूनिटों और स्थैतिक यूनिटें जिनमें बेस किचन, जन आहार, सेल किचन एवं अल्पाहार कक्षों (श्रेणी–ए और ए–1स्टेशनों) के प्रबंधन का शासनादेश दिया गया है।

तद्नुसार अधिग्रहण प्रक्रिया अप्रैल 2017 में शुरू की गई, इसके बाद नीति के अनुसार रेलवे बोर्ड को व्यवसाय योजना भेजी गई थी। तद्नुसार विस्तृत नीति दिशानिर्देश जारी किए गए और जोनों को भारतीय रेलवे से इकाइयों के अधिग्रहण की शुरूआत करने के निर्देश दिए गए चल इकाइयों के अधिग्रहण अक्तूबर 2017 में कुछ गाड़ियों जिनके मामलें न्यायलय में चल रहे थे, को छोड़कर पूरा हो गया। कुल मिलाकर 186 चल ठेकों में 8 राजधानी, 16 शताब्दी, 05 दूरंतों, 146 मेल/एक्सप्रेस और 11 जनशताब्दी ठेकों को रेलवे से ठेकों के पुनर्मूल्यांकन के माध्यम से लिया गया।

भारतीय रेलवे पर चल–खानपान एक चुनौतीपूर्ण कार्य जारी है। अनबन्डलिंग रणनीति में यह विचार करते हुए परिकल्पना की गई है कि भोजन उत्पादन की गुणवत्ता की नींव परोसे जाने वाले भोजन पर निर्भर करेगी। बृहत मात्रा और व्यवसाय के फैलाव से भारतीय रेलवे पर खानपान क्षमता बढ़ेगी और इससे निजी निवेश पीपीपी के माध्यम से आकर्षित होगा। भारतीय रेलवे द्वारा आधारभूत ढांचे के सुधार को लागू करने से भोजन सेवा कम्पनियाँ ऑनबोर्ड गुणवत्ता युक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए भाग ले सकती हैं, योजना को भारतीय रेल द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

आईआरसीटीसी दिनांक 31.03.2018 को 335 चल यूनिटों जिसमें एक – एक तेजस एवं गतिमान, 17 राजधानी, 24 शताब्दी, 19 दूरंतों, 12 हमसफर, 15 जन शताब्दी एवं 246 मेल/ एक्सप्रेस गाड़ियों का प्रबंधन कर रही है।

ii. स्थैतिक खानपान

वर्ष के दौरान आईआरसीटीसी द्वारा जनआहार, सेल किचन और अल्पाहार कक्षों (श्रेणी–ए एवं ए–1 स्टेशनों) का भारतीय रेल से अधिग्रहण किया गया। दिसम्बर 2017 तक कुछ यूनिटों जिनके मामले अदालत के अधीन हैं, को छोड़कर सभी 44 जनआहार, 165 अल्पाहार कक्षों और 25 सेल किचनों को भारतीय रेल से अधिग्रहण किया गया।

31.03.2018 को आईआरसीटीसी 247 स्थैतिक यूनिटों जिनमें 167 अल्पाहार कक्ष, 53 जनआहार और 27 सेल किचनों का प्रबंधन कर रही है।

iii. बेस किचन

जहां तक चल और स्थैतिक यूनिटों का मामला है 10 बेस किचनों को भारतीय रेल से अधिग्रहण किया गया है।

31 मार्च 2018 को आईआरसीटीसी ने नई दिल्ली, हावड़ा, अहमदाबाद, पटना, मुम्बई सेन्टल, मुम्बई सीएसटी, बल्हारशाह, नागपुर, बेलासोर, सियालदाह और खड़गपुर जंक्शन की बेस किचनों का प्रबंधन कर रही है। नई दिल्ली और हावड़ा बेस किचन विभागीय रूप से संचालित की जा रही है। अन्य स्थानों पर इनके संचालन के लिए सेवा प्रदात्ताओं की नियुक्ति की गई है। नई दिल्ली, हावड़ा और पटना स्थित बेस किचन ISO 22000:2005 प्रमाणित हैं। भोजन गुणवत्ता की निगरानी एवं बेस किचनों में बनाए जाने वाले भोजन का मानक सुनिश्चित करने के लिए भी नियमित निरीक्षण किए जाते हैं। आईआरसीटीसी की नोएडा स्थित सेन्ट्रल किचन की बेस किचन आधारभूत संरचना का मानक माना गया है।

ट्रंक और अन्य मार्गों पर रणनीतिक रूप से पहचाने गए बेस किचनों का उन्नयन भविष्य में खानपान सेवाओं में ''प्रत्यय परिवर्तन'' से निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करेगा। **वर्ष 2017–18 में 16 किचन इकाइयां, जिनमें अल्पहार कक्षों की किचनों सेल किचनों और बेस किचनें भी शामिल हैं, को मूल किचन उपकरणों जिनमें टिलटिंग बॉइलिंग केतली, टिल्टिंग ब्रेजिंग पैन, सब्जी प्रोसेसर और चपाती बनाने की मशीनों की स्थापना द्वारा उन्नयन के लिए पहचान की गई है।** इन इकाइयों में 2017–18 में उन्नयन कार्य शुरू करके पूरा किया जाएगा।

iv. फूड प्लाजा/फास्ट फूड इकाइयां/फूड कोर्ट

वर्ष के दौरान कम्पनी ने 25 फूड प्लाजा और 29 फास्ट फूड इकाईयों को चालू किया इससे प्रबंधित की जाने वाली कुल इकाइयों की संख्या 254 हो गई है। 2017–18 के दौरान कम्पनी ने वर्ष 2017–18 में 53 (11 फूड प्लाजा एवं 42 फास्ट फूड यूनिटों) यूनिटों का ठेका दिया है। 2017–18 के दौरान फूड प्लाजा/फास्ट फूड यूनिट से कुल अनुमानित आय 53.36 करोड़ रुपये रही। अक्तूबर 2016 से फूड प्लाजा/फास्ट फूड यूनिट के सभी टेन्डर ई–टेन्डर के माध्यम से दिए जा रहे हैं। इस व्यवसाय में प्रसिद्ध ब्रांडों को आकर्षित करने के लिए रणनीति पहल की गई है। रेलवे स्टेशनों पर परियोजनाओं को शीघ्रता से लागू करने पर बल दिया गया है और इस मूल ब्रांडों की स्वीकार्यता हेतु ग्राहकों का अनुभूति बढ़ाने का ध्यान रखा गया है।

v. ई–कैटरिंग

ई–केटरिंग तेजी से विस्तार होने वाला व्यवसाय है और रेल मंत्रालय के आदेशों से इसे सभी 409 'ए' और 'ए–1' श्रेणी के स्टेशनों पर लागू करना है। लगभग 250 स्टेशनों पर इसे पहले ही शुरू हो चुका है और 10 स्टेशनों पर स्वयं सहायता समूहों के द्वारा भी ई–केटरिंग के माध्यम से भोजना परोसा जा रहा है।

ई–खानपान सेवा यात्रियों के लिए वेबसाइट www.ecatering.irctc.co.in के साथ–साथ टेलिफोन कॉल और एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध है। यात्रियों को चलती गाड़ी में ऑनलाइन आदेश देने की सुविधा के लिए मोबाइल ऐपलिकेशन ''फूड ऑन ट्रैक'' विकसित किया गया है।

प्रतिदिन बुक किए जाने वाले भोजन औसतन बढ़कर लगभग 8500 से अधिक प्रतिदिन (जुलाई 2018) हो गए हैं। **ई–खानपान के अर्न्तगत वित्त वर्ष 18 के दौरान औसतन दैनिक बुकिंग 5188 भोजन थी।** इसके उत्साहजनक परिणाम प्राप्त होने से सेवा में वृद्धि के संकेत प्राप्त हुए हैं।

कम्पनी ने अधिक एफ एंड बी ब्रांडों जिनमें प्रसिद्ध स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के ब्रांड हैं, को आकर्षित करने के कदम उठाएं हैं। इसमें वर्तमान खानपान सुविधाओं के अलावा पसंद और विकल्प को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

गाड़ी के यात्रियों को अच्छी गुणवत्ता का भोजन और विश्वनीय सेवा उपलब्ध कराने के लिए भारतीय रेल और आईआरसीटीसी साझा प्रयास कर रहे हैं जिसमें जनता में जागरूकता इस प्रयास की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। आईआरसीटीसी ने सेवाओं के बारे में समाचार पत्रों में विज्ञापन, प्रेस विज्ञप्ति के अतिरिक्त पम्पलेट बांट कर, पोस्टर के माध्यम से पब्लिक में जागरूकता के लिए कदम उठाए हैं। सोशल मीडिया के अतिरिक्त बेहतर प्रयोगकर्त्ता वचनबद्धता के लिए अभिनव कदम उठाकर ई–खानपान के लिए वेब पेज को भी उन्नत और अधिक उपयोगकर्त्ता के अनुकूल बनाया गया है।

vi. एक्जीक्यूटिव लाऊंज

रेल मंत्रालय के द्वारा जारी नीतिगत निर्देशों के अनुसार आईआरसीटीसी को एक्ज़िक्यूटिव लाऊंज के लिए बुनियादी ढ़ांचे में निवेश करने के लिए कहा गया था तद्नुसार, आईआरसीटीसी के द्वारा विशाखापट्टनम, नई दिल्ली, विजयवाड़ा, आगरा कैण्ट एवं जयपुर में 05 एक्ज़िक्यूटिव लाऊंज शुरू किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 13 और स्टेशनों जिनमें गोरखपुर जंक्शन, वाराणसी जंक्शन, हजरत निजामुद्दिन, नई दिल्ली (पहाड़गंज साइड), लखनऊ चारबाग (उ.रे.), त्रिवेन्द्रम सेन्ट्रल, बंगलूरू सिटी, मदुरै जंक्शन, एर्णाकुल्लम जंक्शन, अहमदाबाद, नई जलपाईगुड़ी, सियालदाह एवं रायपुर स्टेशनों पर एक्ज़िक्यूटिव लाऊंज परिचालन, अनुरक्षण और वापस अंतरण करने का ठेका प्रदान कर दिया है। अक्तूबर 2016 से एक्ज़ियूटिव लाऊन्ज की निविदाएं ई–निविदा के माध्यम से की जा रही है।

vii. बजट होटल

कम्पनी इस समय निम्न दो रेल यात्री निवासों और दो बजट होटलों को परिचालित कर रही है:

1. जिंजर रेल यात्री निवास, नई दिल्ली
2. सम्पथ रेल यात्री निवास, हावड़ा
3. बजट होटल, पुरी
4. बजट होटल, रांची

2. गैर रेलवे खानपान (एनआरसी यूनिट)

भारतीय रेलवे से खानपान सेवा को ग्रहण करने को ध्यान में रखते हुए गैर रेलवे खानपान व्यवसाय से अलग होना होगा और इससे रिलीज़ संसाधनों को प्रभावी रूप से रेलवे खानपान में तैनात करना होगा। आईआरसीटीसी को भारतीय रेलवे की खानपान सेवा को चरणबद्ध रूप से संभालने का दायित्व सौंपा गया है। प्रारंभिक चरण में सभी चल यूनिटों को आईआरसीटीसी को अधिग्रहण करना है। अधिग्रहण प्रक्रिया के पश्चात् परिचालन के लिए बड़ी संख्या में संसाधनों की आवश्यकता होगी। इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि कम्पनी गैर रेलवे खानपान व्यवसाय के संशोधित व्यवसाय मॉडल पर कुछ चुनी हुई यूनिटों का अधिग्रहण करेगा।

2.1 सेन्ट्रल किचन (आईएसओ 22000:2005 प्रमाणित)

सेन्ट्रल किचन के द्वारा प्रतिष्ठित गाड़ियां को गुणवत्ता पूर्वक भोजन और स्नैक्स की व्यवस्था की जा रही है। यह अपनी तरह की एक बड़ी एयर फ्लाइट कैटरिंग रसोई के प्रकार की उच्च गुणवत्ता और मानक भोजन का उत्पादन करने वाली अति आधुनिक खाद्य फैक्टरी है। फैक्टरी पूरी तरह से ऑटोमेटिड है जिसमें भारत और विदेशों के सर्वश्रेष्ठ निर्माताओं के उपकरणों सहित आतिथ्य उद्योग पेशेवरों के द्वारा प्रबन्ध किया जा रहा है और इसका प्रबंधन आईआरसीटीसी द्वारा एफ एंड बी उद्योग में योग्य पेशेवरों के द्वारा किया जा रहा है।

भावी संभावनाएं एवं योजना:

- **बेस किचन**

  खानपान नीति–2017 के अनुसार, आईआरसीटीसी ने गाड़ियों में स्थानांतरण के लिए स्वास्थ्यकर भोजन के उत्पादन के लिए आधुनिक बेस किचन स्थापित करना है। 2017–18 के दौरान, 16 किचनों को अपग्रेड किया गया है और 2018–19 में अपग्रेडेशन के लिए 30 की योजना बनाई जा रही हैं। इसके अलावा, ग्रीन फील्ड बेस किचनों की स्थापना के लिए 9 स्थानों की पहचान की गई है। अनबंडलिंग, अपग्रेडेशन और नई किचनों की स्थापना के कार्यान्वयन की प्रक्रिया जटिल है और निर्धारित समय में गाड़ियों की अनबंडलिंग पूर्ण हो जाएगी।

- **फूड प्लाजा/फास्ट फूड इकाईयां/फूड कोर्ट**

  वर्तमान में, आईआरसीटीसी भारतीय रेलवे पर 254 फूड प्लाजा और फास्ट फूड इकाइयों का संचालन कर रही है। वित्त वर्ष 2018–19 में, आईआरसीटीसी लगभग 100 स्थानों के लिए निविदा देने की योजना बना रही है। 76 इकाइयां शुरू करने के विभिन्न चरणों में हैं। कंपनी की 2018–19 में लगभग 50 इकाइयों को शुरू करने की योजना है। भारतीय रेलवे पर ए–1, ए और बी श्रेणी के स्टेशनों में ऐसी इकाइयों की कवरेज क्रमशः 87 प्रतिशत, 49 प्रतिशत और 17 प्रतिशत है । बी श्रेणी के स्टेशनों में कवरेज सुधार भविष्य की रणनीति है। ऐसी सभी इकाइयों का डेटा कनेक्टिविटी से प्रगति की शुरूआत होगी।

- **विश्राम कक्ष परिसर**

  उपलब्ध संसाधनों का उपयोग अपनी पूरी क्षमता के साथ करने के साथ रेलवे स्टेशनों में बेहतर यात्री सुविधाओं और प्रभावी आगमन पश्चात्/ प्रस्थान– पूर्व सुविधाओं को प्रदान करने के उद्देश्य से, रेल मंत्रालय ने आईआरसीटीसी को रेलवे स्टेशनों पर विश्राम कक्ष को पुनर्निर्मित करके संचालित और अनुरक्षण करने के लिए शासनादेश नीति जारी करके दिया है। नवीनीकरण – संचालन – स्थानांतरण मॉडल पर लाइसेंस प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए, आईआरसीटीसी ने सभी ए –1, ए और बी श्रेणी के स्टेशनों में विश्राम कक्षों के नवीनीकरण कार्य करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों का पैनल बनाने हेतु अभिरूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी की है। आईआरसीटीसी ने 19 स्टेशनों जिनमें अहमदाबाद, आगरा, भुवनेश्वर, बिलासपुर, ग्वालियर, गोरखपुर, जयपुर, काचीगुडा, लखनऊ (एलजेएन), मदुरई, मडगांव, पलक्कड़, सियालदाह, टाटानगर तिरुचिराप्पल्ली, तिरुपति, थिवीम, उडुपी और वडोदरा के विश्राम कक्षों के नवीनीकरण, संचालन और रखरखाव के काम के लिए ठेके प्रदान किए हैं।

- **ई–कैटरिंग**

  ई–कैटरिंग के कार्यनिष्पादन को बढ़ाने के लिए, फूड प्लाजा/फास्ट फूड यूनिट्स के अलावा कम से कम 5 विक्रेता को 409 ए 1 और ए श्रेणी स्टेशनों में प्रत्येक के लिए सूचीबद्ध किया जाना है। क्षेत्रीय व्यंजनों की अधिक विशेषताओं को उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है और वेबसाइट और मोबाइल ऐप को देशव्यापी प्रचार के साथ बाजार और ग्राहक अपेक्षाओं के मानकों से मेल खाने के लिए अपग्रेड करने की योजना है। उपभोक्ताओं की शिकायतों/सुझावों/ दी गई फीडबैक पर प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई करने के लिए शुरू से अंत तक फीडबैक इलेक्ट्रॉनिक प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित किया गया है।

- **सेन्ट्रल किचन**

  इस परियोजना ने खानपान क्षमता के निर्माण में आईआरसीटीसी की क्षमता को मजबूत किया है जो खानपान के अधिग्रहण और बेस किचन की स्थापना के दौरान प्रस्तावित अनबंडलिंग प्रक्रिया में उपयोगी होगा। सेन्ट्रल किचन के शुरू करने और संचालन में प्राप्त अनुभव का उपयोग गाड़ियों में खानपान के समर्थन के लिए भारतीय रेलवे में रसोई इकाइयों की स्थापना के लिए परिचालन मानकों, विनिर्देशों आदि को बेंचमार्क करने में किया जाएगा। सेन्ट्रल किचन सेवा प्रदाता संचालित भारतीय रेलवे पर संचालित किचनों के लिए एक प्रतिकूल संतुलन प्रदान करेगा और ऐसे संभावित भागीदारों के साथ संबंधों को और मजबूत और दृढ़ बनाने के लिए नियामक नियंत्रण में आईआरसीटीसी की हिस्सेदारी को मजबूत करना है।

  निगरानी प्रणाली

  (i) **गुणवत्ता निर्माण की पहल**

  वित्त वर्ष 18 में प्रमुख पहल में विभिन्न लाइसेंसधारक और विभागीय खानपान और रेल नीर को कवर करने वाले ठेकों को विनियमित करने के लिए ऐसे सभी उप वर्टिकल में एक एकीकृत डेटा बेस की स्थापना से खानपान के वर्टिकल में एक व्यापक गुणवत्ता सुनिश्चित कार्यक्रम (सीक्यूएपी) की शुरूआत की गई है। आईआरसीटीसी द्वारा भारतीय रेलवे पर स्रोतों से दर्ज खानपान शिकायतों के प्रबंधन के लिए एक आवश्यक गुणवत्ता निगरानी मॉड्यूल भी विकसित किया जा रहा है।

  इस प्रणाली में खानपान इकाइयों में निरीक्षण, शिकायतों, यात्री फीडबैक आदि और वास्तविक समय निवारण और सुधार तंत्र के लिए डैशबोर्ड के माध्यम से ऑनलाइन डेटा संग्रह प्रक्रिया की परिकल्पना की गई है। इसमें अन्य सभी स्थिर और रेल नीर व्यवसाय के लिए अनुबंध प्रबंधन भी शामिल है। इस योजना को वित्त वर्ष–19 में अपने परिचालन पहलुओं में उपयोगकर्ताओं के लिए एक उद्यम व्यापक अभिविन्यास प्रक्रिया के साथ समेकित किया जाना है।

  (ii) **एफएसएसएआई के साथ सहयोगी प्रयास**

  खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को खाद्य संबंधी मानकों और सुरक्षा पहलों को शामिल करने वाले कई मुद्दों पर नजर रखने के लिए शासनादेश है। उनमें से एक खाद्य उद्योग में उपभोक्ताओं, निर्माताओं, खुदरा विक्रेता आदि के स्पेक्ट्रम में शिक्षाप्रद सामग्री का प्रसार है।

आईआरसीटीसी ने एफएसएसएआई के साथ सहयोग किया है ताकि भारतीय रेल पर इस शिक्षित जनादेश को प्रचार सामग्री के प्रदर्शन के साथ विशेष रूप से स्टेशनों और गाड़ियों पर स्थानीय भाषा में प्रदर्शित किया जा सके।

कुछ पहलों में निम्न शामिल हैं: –

- पेपर कप, ट्रे मैट नैपकिन पर खाद्य सुरक्षा, व्यक्तिगत स्वच्छता इत्यादि पर एक लाइन का उद्धरण अंकित करना।
- खाद्य स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा से संबंधित पोस्टर स्थानीय भाषाओं में विभिन्न राज्यों में फूड प्लाजा/फास्ट फूड यूनिटों, पैंट्री कार, बेस किचन, जन आहर, वाटर वेंडिंग मशीन आदि के पेंट्री क्षेत्र और ग्राहक क्षेत्रों में प्रदर्शित किया जाना।
- आईआरसीटीसी अपने सोशल मीडिया यूआरएल को एफएसएसएआई के साथ अदला–बदली करेगी ताकि एफएसएसएआई द्वारा किए गए किसी भी अभियान को आईआरसीटीसी के सोशल मीडिया हैंडल पर सीधे दिखाई दे।

(iii) ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण

आईआरसीटीसी में तृतीय पक्ष वाली व्यावसायिक एजेन्सियों द्वारा संतुष्टि सर्वेक्षण करके भोजन और सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जाता है। आईआरसीटीसी ने ऐसी 7 (सात) एजेन्सियों को 3 वर्ष के लिए सूचीबद्ध किया है।

(iv) भोजन संरक्षा ऑडिट

जन स्वास्थ्य पर पड़ने वाले भोजन की संरक्षा के प्रभाव को देखते हुए आईआरसीटीसी द्वारा संरक्षा ऑडिट तृतीय पक्ष एजेन्सी से कराई जिसे राष्ट्रीय प्रमाणन बोर्ड संस्थाओं के प्रमाणन के लिए (एनएबीसीबी) मान्यता प्राप्त है। वर्ष 2017–18 के दौरान मैसर्स वैक्सील (प्रा.) लिमिटेड द्वारा फूड प्लाजा/फास्ट फूड यूनिट की भोजन संरक्षा जांच और मैसर्स टीक्यू सर्टिफिकेशन (प्रा.) लि. ने चल यूनिटों की लेखा परीक्षा की गई । विवरण निम्न प्रकार हैः–

यूनिट का प्रकार		प्राप्त समस्त अंक
गाड़ियां		68.54%
फूड प्लाजा/फास्ट फूड यूनिट		71.26%

(v) आईएसओ प्रमाणन

आईएसओ प्रमाणन सहित विभिन्न गुणवत्ता उपायों के ज़रिए खानपान सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार किया जा रहा है। वर्ष 2017–18 के दौरान 30 फूड प्लाजाओं/फास्ट फूड यूनिटों को आईएसओ 22000:2005 प्रमाणन से प्रमाणित किया गया। जिससे 31 मार्च 2018 तक लाइसेन्सियों द्वारा परिचालित 262 यूनिटों में से कुल 191 यूनिटें हो गए हैं।

(vi) शिकायतों पर नज़र रखना और शिकायत निवारण

वर्ष 2017–2018 के दौरान भारतीय रेलवे से दूरंतों, राजधानी, शताब्दी और अन्य मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के 341 ठेके लिए गए। वर्ष के दौरान यात्रियों से कुल 6584 शिकायतें (ट्विटर शिकायतें सहित) प्राप्त हुई थी।

कई स्रोतों से उत्पन्न भारी मात्रा में प्राप्त शिकायतों को ध्यान में रखते हुए, आईआरसीटीसी ने खानपान शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीसीएमएस) विकसित की है, जो गाडियों और स्टेशनों की शिकायतों को जोनों और कॉरपोरेट कार्यालय द्वारा ऑनलाइन निवारण (लगभग 80–90%) को सक्षम बनाता है। ऑनबोर्ड पर्यवेक्षकों को गाडियों के अनुसार मैप किया जा रहा है जिससे ग्राहकों को हमारी प्रतिक्रिया के समय में ऑनलाइन माध्यमों में सुधार हो रहा है।

क. यात्रा एवं पर्यटन

भारत, अपने समृद्ध और विविध ऐतिहासिक, प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ, दुनिया के कई आकर्षक पर्यटन स्थलों का घर है। देश का भूगोल और भौगोलिक स्थिति में दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करने की अद्भुत क्षमता है।

बुनियादी ढांचे और पर्यटन सुविधाओं के संदर्भ में देश में वैश्वीकरण और समग्र विकास के साथ, भारत में विदेशी पर्यटक आगमन 2003 से प्रति वर्ष 3 मिलियन से बढ़कर 2017 में 10 मिलियन से अधिक हो गए हैं और विश्लेषकों को भारत में 2025 तक सालाना 15 मिलियन से अधिक पर्यटक आने का अनुमान है साथ ही, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के घरेलू पर्यटकों का दौरा भारत में तेजी से बढ़ रहे पर्यटन क्षेत्र में अब देश की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाता है, लाखों नौकरियां देने में सहायक हुआ है और हर साल अरबों डॉलर का अर्जन करता है।

विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद ने ''यात्रा और पर्यटन– आर्थिक प्रभाव 2018– भारत'' पर अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा है कि सकल घरेलू उत्पाद में यात्रा और पर्यटन का कुल योगदान 15.24 लाख करोड़ (234 बिलयन अमेरिकी डॉलर) था जो कि 2017

में देश का सकल घरेलू उत्पाद का 9.40 प्रतिशत था आगे अनुमान लगाया गया है कि सकल घरेलू उत्पाद में 2028 में कुल योगदान 32.05 लाख करोड़ रू. तक पहुंच कर सकल घरेलू उत्पाद का 9.9 प्रतिशत का योगदान देगा।

आज आईआरसीटीसी बाजार में अग्रणी यात्रा और पर्यटन कंपनियों में से एक बन गई है जो विविध पर्यटन क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करती है। रेलवे पीएसयू होने के भरोस के साथ आईआरसीटीसी रेल पर्यटन में विशेषज्ञता रखती है और वर्तमान में, इस क्षेत्र में बाजार में शीर्ष स्थल पर है। रेल पर्यटन के अलावा, आईआरसीटीसी ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी पर्यटन बाजार में बने रहने के लिए विभिन्न अन्य पर्यटन व्यवसायों में भी विविधता हासिल की है। आईआरसीटीसी के विभिन्न पर्यटन व्यवसाय क्षेत्रों में लक्जरी गाड़ी टूर महाराजा एक्सप्रेस, बुद्धिस्ट सर्किट विशेष गाड़ी, भारत दर्शन विशेष पर्यटक गाड़ी, रेल टूर पैकेज, अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू एयर पैकेज, लैंड टूर पैकेज, होटल बुकिंग, कार रेंटल, कस्टमाइज्ड और एलटीसी टूर और इवेन्ट प्रबंधन शामिल हैं। विभिन्न पर्यटन उत्पादों की बुकिंग के लिए एक ऑनलाइन पर्यटन पोर्टल कार्यरत है और इंटरनेट का उपयोग कर व्यवसाय की संभावना को टैप करने के लिए उपलब्ध है।

आईआरसीटीसी के यात्रा और पर्यटन व्यापार से आय वर्ष 2016–17 के 528.67 करोड़ रुपये की तुलना में 23.10 प्रतिशत घटकर 2017–18 में 406.54 करोड़ रू. रही। राजस्व में कमी का कारण राज्य विशेष पर्यटक गाड़ियों की कम संख्या में संचालन था।

❖ **पर्यटन पोर्टलः**

आधुनिक तकनीक के युग में जहां इंटरनेट, वेबसाइट और ऐप दुनिया पर शासन कर रहे हैं, आईआरसीटीसी ने ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी के रूप में बढ़ने की क्षमता को महसूस किया है। आईआरसीटीसी ने मार्च 2007 में अपने पर्यटन पोर्टल www.irctctourism.com को लॉन्च किया और पिछले 9 सालों से ग्राहकों को समूर्ण ऑनलाइन यात्रा समाधान पेश कर रहा है। पोर्टल ने वर्ष 2008 में राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार जीता, तीन वर्षों यानी 2014, 2015 और 2016 में लगातार 'वेबसाईट ऑफ द इयर' का मैट्रिक्सलैब का ''लीज़र'' और ''ट्रेवल'' पुरस्कार और फ्रेंचाइज इंण्डिया द्वारा वर्ष 2015 से 2017 तक लगातार तीन वर्षों तक इंडियन रिटेल अवार्ड प्राप्त हुआ है। पोर्टल पर पर्यटक गाड़ियां, एयर टिकटों, रेल, वायु या लैण्ड टूर पैकेजों, होटल और कैब्स की ऑनलाइन बुकिंग प्रदान करता है। यह अन्य ओटीए के द्वारा प्रदान उपयोगकर्त्ता अनुकूल और सुविधाओं के समान हैं, आईआरसीटीसी अपनी पर्यटन वेबसाइट सुधार करने की प्रक्रिया में है।

पोर्टल के आने वाले संस्करण में ग्राहकों के द्वारा बुकिंग में चार्टर सैलून कार, चार्टर गाड़ी और कोच, चार्टर हिल गाड़ी और कोच, इवेन्ट प्रबंधन और वातानुकूलित पर्यटक गाड़ी टूर को भी शामिल किया गया है।

❖ **भारत दर्शन पर्यटक गाड़ीः**

आईआरसीटीसी का भारत दर्शन पर्यटक गाड़ी सर्वाधिक लोकप्रिय पर्यटन उत्पाद हैं। कम्पनी के द्वारा भारत दर्शन पर्यटक गाड़ी टूर पैकेज ऐसे पर्यटकों के लिए है जिनका यात्रा में बजट की कमी है। ये गाड़ियां पूरे देश में विभिन्न शहरों से विभिन्न पर्यटक स्थलों को जोड़ती हुई परिचालित होती है। इस उत्पाद का आकर्षक मूल्य 900 रुपये गैर वातानुकूलित शयनयान श्रेणी में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति+जीएसटी की दर से उपलब्ध है। टूर पैकेज में रेल एवं सड़क यात्रा, सभी भोजन, पर्यटन स्थलों का दर्शन और आवास आदि का खर्च शामिल हैं। सभी पर्यटकों का 4 लाख रूपये की राशि का भी दुर्घटना बीमा होता है। वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान आईआरसीटीसी ने 72 भारत दर्शन ट्रिप परिचालित किए जिसमें कुल 45,994 पर्यटकों ने विशेष गाड़ी के टूर पैकेज का लाभ उठाया।

- **बुद्धिस्ट सर्किट विशेष गाड़ी:**

  वर्ष 2007 में प्रारंभ हुई, बुद्धिस्ट सर्किट विशेष गाड़ी को आईआरसीटीसी के द्वारा परिचालित किए जाने के 10 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। पूर्णतः वातानुकूलित गाड़ी का 07 रात और 08 दिन का पैकेज है जिसमें भारत और नेपाल के स्थित लुम्बिनी के प्रमुख बुद्धिस्ट स्थलों का भ्रमण कराता है। इस आला दर्जे का पर्यटक उत्पाद का विश्व भर के अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों का संरक्षण प्राप्त है। वर्ष 2017–18 के दौरान आईआरसीटीसी ने बुद्धिस्ट सर्किट विशेष गाड़ी के 05 ट्रिप परिचालित किए और इन टूर पैकेजों की सुविधा का लाभ 252 यात्रियों ने उठाया। वित्त वर्ष 2017 के दौरान आईआरसीटीसी के लिए इस उत्पाद ने कुल 1.56 करोड़ रु. की आय अर्जित की। आईआरसीटीसी बुद्धिस्ट विशेष पर्यटक गाड़ी के वर्तमान वेब पेज https://www.irctcbuddhisttrain.com को सुधार करके नया रूप देने और उपयोगकर्त्ता के अधिक अनुकूल बनाया जा रहा है।

- **आस्था सर्किट विशेष ट्रेन:**

  विशेष अभिरूचि टूरों के लिए, आईआरसीटीसी ने वर्ष 2017 में ''आस्था सर्किट पर्यटक गाड़ियों की संकल्पना की। यह गाड़ी उन लोगों को जिन्हें विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण करने में रूची है, ले जाती है। गैर वातानुकूलित शयनयान श्रेणी में पुनः टूर पैकेज आकर्षक मूल्य 900 रुपये प्रतिदिन प्रति पर्यटक है (+ लागू जीएसटी) टूर रेल और सड़क यात्रा, सभी भोजन, पर्यटक स्थलों का दर्शन, आवास, बीमा शामिल हैं। आईआरसीटीसी ने वित्त वर्ष 2017–18 में 13 आस्था सर्किट गाड़ियों का परिचालन किया और जिससे 5623 पर्यटकों ने इस विशेष गाड़ी टूर पैकेज का लाभ उठाया जिससे 4.84 करोड़ रुपये की कुल आय अर्जित हुई।

- **गांधी सर्किट विशेष गाड़ी:**

  एक अन्य विशेष रुचि पर्यटन उत्पाद पर ध्यान केंद्रित करते हुए, आईआरसीटीसी ने रेल मंत्रालय के निर्णय और राष्ट्र पिता–महात्मा गांधी से जुड़े 'साबरमती आश्रम के शताब्दी समारोह' के अवसर पर 'गांधी दर्शन विशेष पर्यटक गाड़ी का संचालन कर रही है और यह गाड़ी महात्मा गांधी के जीवन से जुड़े प्रमुख पर्यटक स्थानों में एक समावेशी टूर पैकेज प्रदान करती है। पहली ऐसी गाड़ी का उद्घाटन 17 जून, 2017 को गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री विजय रुपानी ने झंडी दिखा के किया।

टूर पैकेज

(i) **रेल टूर पैकेज** – आईआरसीटीसी देश भर में पूर्ण समावेशी रेल टूर पैकेज परिचालित करती है, जिसमें उचित मूल्यों पर बाह्य एवं वापसी यात्रा के लिए कन्फर्म रेल आरक्षण के साथ पैकेज में सड़क मार्ग यात्रा, आवास, भोजन और दर्शनीय स्थलों की सैर करवाना षामिल है। वर्ष 2016–17 के 21,442 यात्रियों की तुलना में वर्ष 2017–18 के दौरान 11,236 यात्रियों ने आईआरसीटीसी टूर पैकेज का लाभ उठाया। यात्रियों की संख्या में कमी का कारण रेल मंत्रालय की कड़ी वैट नीति थी, जिससे आईआरसीटीसी को कई पैकेजों को रोकना पड़ा। लेकिन मंत्रालय ने वैट नीति को वर्ष के अन्त में संशोधित करके दिशानिर्देश में छूट दी गई। आईआरसीटीसी ने अपने सर्वाधिक लोकप्रिय रेल पर्यटन पैकेजों में सुधार करके आगामी वित्त वर्ष में बाजार में लाने की योजना बना रहा है।

(ii) **लैंड टूर पैकेज** – आईआरसीटीसी देश भर में अवकाश पैकेज (सड़क पैकेज) परिचालित करती है। जिसमें सड़क मार्ग से लाना ले जाना, आवास, भोजन, और दर्शनीय स्थलों की सैर शामिल है। वर्ष 2017–18 के दौरान कुल 30,020 यात्रियों ने आईआरसीटीसी टूर पैकेज का लाभ उठाया।

(iii) **चार्टर्ड कोच और गाड़ी के साथ रेल टूर पैकेज** – यह पूर्ण समावेशी रेल टूर पैकेज है। जिसमें आईआरसीटीसी गाड़ी यात्रा चार्टर्ड कोच और गाड़ी द्वारा व्यवस्था करती है। 2017–18 के दौरान कुल 765 यात्रियों ने आईआरसीटीसी के टूर पैकेज का लाभ उठाया।

(iv) **इच्छानुसार टूर पैकेज** :– आईआरसीटीसी के ग्राहकों की मांग को बेहतर तरीके से पूरी करना कस्टोमाइज टूर पैकेज में स्पष्ट झलकता है। ये पैकेज लग्ज़री स्तर, रूची के स्थान आदि को ध्यान में रखकर बनाए हुए हैं। 2017–18 के दौरान कुल 1476 यात्रियों ने आईआरसीटीसी के इच्छानुसार टूर पैकेजों का लाभ उठाया।

- **शैक्षणिक टूर**

  आईआरसीटीसी ने अपनी ''सीखने के लिए भ्रमण करें'' योजना के तहत शैक्षणिक भ्रमणों का आयोजन किया है और बच्चों के लिए शैक्षिक टूर के आयोजन के लिए विभिन्न राज्य सरकारों तथा प्राइवेट स्कूलों के साथ उनके विद्यार्थियों को शैक्षिक/जानकारी के लिए परिचालित कर रही है। वर्ष 2017–18 में कुल 8,248 विद्यार्थियों ने आईआरसीटीसी के शैक्षिक भ्रमण सुविधा का लाभ उठाया जिससे 4.77 करोड़ की आय हुई। वित्त वर्ष 2017–18 में आईआरसीटीसी ने लक्ष्यद्वीप के प्रशासन के साथ विद्यार्थियों के लिए मुख्य भूमि के टूर के शैक्षिक भ्रमण के लिए तालमेल किया। आईआरसीटीसी ने तमिलनाडु सरकार के 3200 आरएमएसए के विद्यार्थियों के लिए भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान और सतीश धवन अन्तरिक्ष केन्द्र के लिए शैक्षणिक भ्रमण का परिचालन किया।

- **चार्टर गाड़ी और कोचः**

  आईआरसीटीसी ने विभिन्न ग्रुपों के लिए वित्ती वर्ष 2017–18 में 362 (54 गाड़ियां और 308 कोच) चार्टर परिचालित किए हैं। आईआरसीटीसी विश्व धरोहर कालका–शिमला और दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे पर हिल चार्टर्ड चला रही है। आईआरसीटीसी पूरे भारत में हिल चार्टर को बढ़ावा दे रही है। आईआरसीटीसी को पूरे भारत में एफटीआर गाड़ी/कोचों की बुकिंग के लिए एकल खिड़की एजेन्सी नामित किया गया है और इस उद्देश्य के लिए एक नया ऑनलाइन मॉड्यूल का विकास चल रहा है। रेल मंत्रालय ने आईआरसीटीसी को सभी गाड़ियां और कोचों को चार्टर एकल खिड़की बुकिंग सुविधा के लिए नामित किया है।

- **लग्ज़री रेलवे सैलून कार**

  रेल मंत्रालय ने अपने लग्ज़री सैलून कोचों के अपने बेड़े की बुकिंग खोलने का निर्णय किया और इस विशेष रेल उत्पाद के विपणन और बुकिंग के कार्य को आईआरसीटीसी को सौंपा।

  आईआरसीटीसी ने 30 मार्च 2018 को दिल्ली से वैष्णो देवी कटरा की पहली सैलून कार की पहली यात्रा का संचालन किया। एक सैलून कार में आम तौर पर एक बैठक कक्ष, दो वातानुकूलित बेडरूम हैं – एक दो बेड वाले कक्ष और दूसरा वातानुकूलित प्रथम श्रेणी कूपे के जैसा अटैच बाथरूम सहित, भोजन क्षेत्र और एक किचन उपलब्ध है। पर्यटकों की मांग के अनुसार परिचर, खानपान, पिक और ड्रॉप जैसी वैकल्पिक सेवाओं की व्यवस्था की जा सकती है।

- **राज्य विशेष गाड़ियां**

  आईआरसीटीसी इन गाड़ियों को संबंधित राज्य सरकारों के सहयोग से चलता है। सरकारें इसके लिए लाभ प्राप्त करने वाले लोगों का चयन करती हैं जिनमें अधिकार वरिष्ठ नागरिक होते हैं। इस टूर में भारत के विभिन्न महत्वपूर्ण पर्यटन एवं धार्मिक पर्यटक स्थलों का भ्रमण कराया जाता है। वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान आईआरसीटीसी द्वारा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, झारखंड, ओडिसा, और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों के साथ गठबंधन करके उनके लिए राज्य विशेष गाड़ियां चलाई गई और 197 फेरों में 1,83,918 पर्यटकों ने लाभ उठाया। राज्य विशेष गाड़ियों के परिचालन से 208.81 करोड़ रुपये की आय अर्जित की गई।

  महाराजा एक्सप्रेस :– महाराजा एक्सप्रेस ने लग्ज़री पर्यटन में आईआरसीटीसी की ब्रांड छवि को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बनाई है। वर्ष 2010 में शुरू की गई महाराजा एक्सप्रेस को 7 वर्ष की यात्रा में 2012 से 2017 तक लगातार विश्व की अग्रणी लग्ज़री पर्यटन गाड़ी के रूप में विश्व पर्यटन पुरस्कार में पुरस्कृत किया गया है। यह गाड़ी 5 विभिन्न यात्रा कार्यक्रमों पर चलायी जाती है। जिनमें से तीन में 7 रात/8 दिन वाले हैं जबकि दो में 3 रात/4 दिन वाले हैं। इन यात्रा कार्यक्रम में अजन्ता, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, जयपुर, रणथंभौर, आगरा, बालासिनौर, ग्वालियर, खजुराहो, वाराणसी और लखनऊ जैसे स्थान शामिल हैं। आईआरसीटीसी अगले वित्त वर्ष से दक्षिण भारत के नए यात्रा कार्यक्रमों के

लिए नई गाड़ी के परिचालन का यात्रा कार्यक्रम लाएगी और तद्नुसार यात्रा कार्यक्रम प्रस्थान तिथियों सहित गाड़ी की समर्पित वेबसाइट www.the-maharajas.com पर अपलोड कर दी गई है।

वर्ष 2017–18 के दौरान कुल 945 भुगतान किए पर्यटकों (2017–18 के एमओयू के 1000 यात्रियों की तुलना में) ने महराजा एक्सप्रेस के 28 फेरों में सेवा का लाभ उठाया।

- **अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी)**

भारत सरकार द्वारा एलटीसी टूर परिचालन के लिए प्राधिकृत तीन पीएसयू में से एक आईआरसीटीसी भी है। आईआरसीटीसी सरकारी कर्मचारियों को सामान्य एलटीसी पैकेज और स्वयं की इच्छा पर एलटीसी पैकेज प्रदान कर रहा है। वर्ष 2017–18 के दौरान आईआरसीटीसी ने 115 यात्रियों को एलटीसी पैकेज सेवा प्रदान की है।

- **चुनाव विशेष गाड़ियां:**

आईआरसीटीसी को वित्त वर्ष 2013–14 से आम चुनाव और विधानसभा चुनावों के लिए सेना और अर्धसैनिक बल की ड्यूटी पर ले जाने का कार्य सौंपा गया था। वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान आईआरसीटीसी ने कर्नाटक, त्रिपुरा, मेघालय और नागालैण्ड विधान सभा चुनाव के लिए 135 गाड़ियां परिचालित की जिससे कुल 51.25 करोड़ रुपये की आय हुई।

- **ऑनलाइन एयर टिकटिंग:**

आईआरसीटीसी ने अपनी एयर टिकटिंग माइक्रो साइट www.air.irctc.co.in शुरू की थी जिसके ज़रिए अत्याधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर घरेलू एवं अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा के लिए हवाई टिकटें बुक की जा सकती हैं

जिसमें बाजार की तुलना में ऑनलाइन ट्रेवल एजेन्ट (ओटीए) की सर्वाधिक न्यूनतम सुविधा शुल्क हैं एयर टिकटिंग के लिए एन्ड्रॉइड और आईओएस प्रयोगकर्त्ताओं के लिए मोबाइल ऐप उपलब्ध कराया गया है। इस वेबसाइट के माध्यम से वित्त वर्ष 2016–17 के औसत 3100 की तुलना में वित्त वर्ष 2017–18 में औसतन 3748 एयर टिकट प्रतिदिन बुक करके 21 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। जिससे 2017–18 के लिए एमओयू में पिछले वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत (उत्कृष्ट) बढ़ोत्तरी की बुकिंग को पछाड़ दिया है।

- **कॉर्पोरेट यात्रा व्यवसाय:**

आईआरसीटीसी, कॉरपोरेटों को संपूर्ण यात्रा सेवा, जिनमें एयर टिकट, घरेलू तथा अन्तर्राष्ट्रीय होटलों की बुकिंग, वीजा सुविधा, बीमा और विदेशी मुद्रा विनिमय जैसी सुविधाएं शामिल है, प्रदान करती है।

- **आउटबाउंड एयर पैकेज:**

देश में आउटबाउंड पर्यटक बाजार की संभावनाओं को समझते हुए, आईआरसीटीसी ने दुनिया भर के विभिन्न पर्यटन स्थलों के लिए आउटबाउंड टूर पैकेज शुरू किए हैं। पिछले वर्ष के 2,791 यात्रियों की तुलना में वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान, कुल 3,308 पर्यटकों ने विभिन्न क्षेत्रों से आईआरसीटीसी द्वारा संचालित आउटबाउंड टूर का लाभ उठाया। आईआरसीटीसी ने इस

व्यवसाय खंड से वित्त वर्ष 2016–17 के 16.03 करोड़ की तुलना में कुल 23.06 करोड़ रुपये के राजस्व की आय करके लगभग 44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

❖ **घरेलू एयर पैकेज**

छुट्टियों पर जाने के लिए लोगों के सीमित समय के कारण एयर पैकेज दिन–प्रतिदिन अधिक लोकप्रिय हो रहे हैं। वित्त वर्ष 2017–18 के दौरान, आईआरसीटीसी ने सभी जोनों से अधिक घरेलू वायु पैकेजों के संचालन पर ध्यान केंद्रित किया है और तदनुसार शिरडी, गोवा, दिल्ली, तिरुपति, गंगटोक, दार्जिलिंग, कालीम्पोंग, अंडमान और निकोबार, लद्दाख, श्रीनगर, कश्मीर, मुंबई, मैसूर, कूर्ग, बैंगलोर आदि जैसे विभिन्न स्थानों के लिए पैकेजों का संचालन किया। वर्ष के दौरान, लगभग 5,965 यात्रियों ने 369 घरेलू एयर पैकेज टूर में यात्रा की।

❖ **ग्लास टॉप कोचः**

कांच की छत वाले कोचः यह भारत में इस प्रकार का पहला और अद्वितीय रेलवे पर्यटन उत्पाद है। कांच की छत वाले कोच इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, पेराम्बूर, चेन्नै में निर्माण किया जा रहा है। एक विस्टा डोम कोच अरकू वैली में चल रहा है। जिसका उद्घाटन 16.04.2017 को किया गया है दूसरा मुम्बई और गोवा के मध्य चलने वाली गाड़ी जनशताब्दी एक्सप्रेस से दिनांक 25.08.2017 से चल रही है। तीसरा कश्मीरी घाटी में डीएमयू प्रकार की गाड़ी में आगामी वित्त वर्ष से परिचालित होगा।

❖ **स्टेशनों पर विश्राम कक्षों और होटलों की ऑनलाइन बुकिंगः**

रेल यात्री जिनकी कन्फर्म पीएनआर है वे 498 रेलवे स्टेशन पर आईआरसीटीसी के पर्यटन पोर्टल पर विश्राम कक्षों की ऑनलाइन बुकिंग करवा सकते हैं। आईआरसीटीसी ने आईआरसीटीसी के होटलों और एक्जीक्यूटिव लाऊंज को भी ऑनलाइन बुकिंग कराने की सुविधा पर्यटन पोर्टल पर उपलब्ध कराई है। आईआरसीटीसी ने विभिन्न प्रसिद्ध ऑनलाइन होटल समेकनकर्त्ताओं के साथ ग्राहकों के लिए होटल बुकिंग के लिए गठजोड़ किया है।



❖ **आईआरसीटीसी मोबाइल ऐप्सः**

भारत सरकार की डिजिटलीकरण पहल को बढ़ावा देने के लिए आईआरसीटीसी ने अपना उपयोगकर्त्ता अनुकूल यात्रा एवं पर्यटन मोबाइल ऐपों को शुरू किया है। आईआरसीटीसी एयर और आईआसीटीसी टूरिज़्म मोबाइल अनुप्रयोग 31 मई 2016 को शुरू किया गया। आईआरसीटीसी ऐप का अनुप्रयोग पहले से एन्ड्रॉइड और आईओएस प्रयोगकर्त्ताओं के लिए उपलब्ध है। रेल और एयर टिकटिंग और आईआरसीटीसी टूरिज़्म को शामिल करते हुए आईआरसीटीसी का एकीकृत ऐप शीघ्र शुरू किया जाएगा। 31 मार्च 2018 तक टूरिज़्म ऐप के 5 लाख से अधिक डाऊनलोड हो चुके हैं और इस ऐप पर नियमित रूप से पैकेज बुक हो रहे हैं।

❖ **भावी संभावनाएं और योजनाएं**

अत्यंत विविधता युक्त पर्यटन उत्पाद आईआरसीटीसी को पर्यटन के क्षेत्र में विकास का बृहत अवसर प्रदान करती है। इसको ध्यान में रखते हुए कंपनी मौजूदा व्यवसायी क्षेत्रों के विस्तार और सुव्यवस्थितता के साथ–साथ नई उत्पाद सेवाओं को पेश करके आगामी वर्षों में पर्यटन व्यवसाय को और बढ़ाने के लिए योजना बना रही है। जिसमें निम्न विशिष्ट क्षेत्रों पर बल दिया जाएगा :–

1. **रेल टूर पैकेजः** नई वैट पॉलिसी के साथ, आईआरसीटीसी रेल टूर पैकेज में अपने खोए बाजार का पुनर्निर्माण करने की तलाश करेगा और फिर से इन पैकेजों को पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने की कोशिश करेगा।

2. **एयर पैकेजः** आईआरसीटीसी देश भर के विभिन्न शहरों से शुरू होने वाले अंतरराष्ट्रीय और घरेलू एयर पैकेजों पर भी अधिक ध्यान केंद्रित करेगा। तदनुसार, हवाई पैकेजों के लिए सीटों के ब्लाकों को बढ़ाने के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय पैकेजों के लिए नए गंतव्यों को भी जोड़ा जाएगा।

3. **राज्य विशेष रेलगाड़ियांः** आईआरसीटीसी राज्य विशेष रेलगाड़ियों के संचालन के लिए विभिन्न राज्य सरकारों से सम्पर्क कर रही है। दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की राज्य सरकारें इन ट्रेनों को आईआरसीटीसी के सहयोग से चलाने के लिए इच्छुक हैं और कंपनी इन सरकारों के साथ इसके लिए अंतिम रूप दे रही है।

4. **ग्लास टॉप कोच:** आईआरसीटीसी जम्मू एवं कश्मीर घाटी में ग्लास टॉप कोच का तीसरा ट्रिप तीन रेल टूर पैकेजों के साथ शुरू करने की योजना बना रहा है, जिन्हें साथ–साथ करके ग्राहकों को पेश किया जाएगा।

5. **इवेंट मैनेजमेंट:** इवेंट मैनेजमेंट के व्यवसाय क्षेत्र में संभावना को समझते हुए, आईआरसीटीसी खुद को एक पूर्ण इवेन्ट प्रबंधन कंपनी के रूप में स्थापित करने की योजना बना रही है और इवेन्ट से संबंधित आयोजनों (मीटिंग्स, प्रोत्साहन टूर, सम्मेलन और प्रदर्शनी – एमआईसीई) आयोजित करने के लिए रेल मंत्रालय, इसके पीएसयू और देश भर में अन्य सरकारी और निजी संगठनों के लिए सेवाएं प्रस्तावित कर रही है।

6. **ऑनलाइन एयर–टिकटिंग:** आईआरसीटीसी एयर टिकटिंग कारोबार को वित्त वर्ष 2018–19 तक 15 प्रतिशत बढ़ाने की योजना बना रही है।

7. **कॉर्पोरेट यात्रा:** वित्त वर्ष 2018–19 में, कंपनी अपने कॉर्पोरेट यात्रा व्यवसाय के क्षेत्र में अपने संचालन और प्रबंधन को विकेंद्रीकृत करके विस्तारित करने की योजना बना रही है।

8. **महाराजा एक्सप्रेस:** आईआरसीटीसी इस लग्ज़री गाड़ी के लिए विपणन और प्रचार गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करके पिछले वर्ष की तुलना में यात्रियों की संख्या में वृद्धि करने पर ध्यान केन्द्रित करेगा। गाड़ी की बुकिंग बढ़ाने के लिए एजेंटों के कमीशन स्वरूप में बदलाव करके अधिक एजेंटों को आकर्षित करके इसका आधार बदला जाएगा।

9. **बुद्धिस्ट विशेष पर्यटक गाड़ी:** आईआरसीटीसी रेल मंत्रालय के साथ सक्रिय रूप से सम्प्रेषण करके पर्यटन मौसम 2018–19 में बुद्धिस्ट विशेष पर्यटक गाड़ी चलाने के लिए पूर्णतः वातानुकूलित एलएचबी रैक आबंटित करने का अनुरोध कर रही है। नया रैक आने से बुद्धिस्ट सर्किट में एक समर्पित अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन उत्पाद हो जाएगा।

ग. इंटरनेट टिकट

आईआरसीटीसी की ई–टिकटिंग सेवा बाजार में आने के बाद से मजबूती से आगे बढ़ रही है और अब भारतीय रेलवे पर आरक्षित टिकटों के 65.83 प्रतिशत ऑनलाइन बुक किए जा रहे हैं, जिसने दुनिया भर में कई उच्च प्रोफाइल ई–कॉमर्स साइटों को पीछे छोड़ दिया है। 2017–18 के दौरान आईआरसीटीसी की वेबसाइट के माध्यम से औसतन प्रतिदिन 6.75 लाख से अधिक टिकट बेचे जाते थे। यह साइट 2345 बजे से 0020 बजे तक 35 मिनट के अलावा चौबीस घंटे टिकटों की बुकिंग सेवा रहती है। यह साइट विभिन्न पूर्ण किराया और रियायती टिकटों की बुकिंग सुविधाएं प्रदान करती है।

सेवा प्रभार:

आईआरसीटीसी गैर–वातानुकूलित श्रेणी के लिए 20/–रू. तथा वातानुकूलित श्रेणी के लिए 40/–रू. प्रति ई–टिकट का नाममात्र सेवा प्रभार पहले लिया जाता था और रेल मंत्रालय द्वारा 23 नवंबर 2016 को डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए इसे वापस ले लिया गया था। इसके बाद सेवा प्रभार समाप्त करने की घोषणा केंद्रीय बजट 2017–18 में भी की गई थी और इसे अभी तक समाप्त रखा गया है।

सेवा प्रभार वापस लेने के परिणामस्वरूप 2017–18 के दौरान आईआरसीटीसी के कारोबार में 693 करोड़ रुपये (लगभग) का नुकसान हुआ है। वेब साइट, मार्केटिंग, ऑपरेशन और बिक्री के बाद सेवा पर टिकट प्रणाली पर किए जा रहे 80 करोड़ रुपये के लगभग वार्षिक व्यय की प्रतिपूर्ति रेल मंत्रालय द्वारा की जा रही है। टिकटों पर सेवा प्रभार वापस लेने के परिणाम स्वरूप इस सेगमेंट से आय कम हो गई है, डेटा मुद्रीकरण, ई–नीलामी, खुदरा प्रबंधन इत्यादि द्वारा मोबाइल एप्लिकेशन योजनाओं के साथ वेबसाइट की पूरी क्षमता का लाभ लेने के प्रयास किए जा रहे हैं।

क. बुक की गई ई–टिकट और यात्रियों की संख्याः

पिछले वर्ष के दौरान 2092.95 लाख की तुलना में वर्ष के दौरान 2466.47 लाख टिकट बुक किए गए। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर ई–टिकट के माध्यम से कुल 4340.08 लाख यात्रियों को बुक किया गया था। वर्ष के दौरान यात्री से टिकटों का अनुपात 1:76 था।



ख. ई–टिकट राजस्व संग्रहः

वर्ष 2017–18 के दौरान, कुल 28,475.48 करोड़ रुपये ई–टिकटिंग राजस्व के तहत उपयोगकर्ताओं से टिकट किराया एकत्र किया गया जो पिछले वर्ष की तुलना में 14% अधिक है।



2017–18 के लिए एमओयू लक्ष्य और उपलब्धि

वर्ष 2017–18 के लिए आईआरसीटीसी और रेल मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन के अनुसार, सभी एजेंटों और उप–एजेंटों के आधार के माध्यम से 100% एजेंट प्रमाणीकरण 15.09.2017 (उत्कृष्ट) तक पूरा किया जाने का लक्ष्य था। तदनुसार, आईआरसीटीसी के उप–एजेंटों सहित सभी एजेंटों को आधार के माध्यम से 01.09.2017 तक सत्यापित किया गया और जो नहीं कर सके, निष्क्रिय कर दिया गया।

2017–18 के दौरान की गई नई पहल

- यूपीआई/बीएचआईएम भुगतान विकल्प ई–टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग के दौरान भुगतान करने के लिए उपयोगकर्ताओं को उपलब्ध कराया गया। यूपीआई/बीएचआईएम को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 01.10.2017 से को 6 महीने के लिए रैन्डम कंप्यूटर ड्रॉ के माध्यम से हर महीने 5 भाग्यशाली उपयोगकर्ताओं को ट्रेन किराया की पूरी वापसी की एक और योजना शुरू की गई थी।
- वेबसाइट पर ''एक महीने में 12 टिकटों की अनुमति देने के लिए उपयोगकर्ता आईडी से आधार लिंक'' सक्षम किया गया है। 01.12.2017 से 6 महीने के लिए उपयोगकर्ता आईडी को आधार से लिंक करने को बढ़ावा देने के लिए योजना शुरू की गई जिसमें जिसमें प्रत्येक माह 5 उपयोगकर्ताओं को 10,000 रू. प्लस पूर्ण गाड़ी किराया की वापसी के साथ पुरस्कृत किया जाता है।
- अनुभूति श्रेणी के कोचों की बुकिंग वेबसाइट पर शुरू हुई।
- कैब बुकिंग सुविधा रेल उपयोगकर्ताओं को प्रदान की गई ताकि उन्हें बिना समय गवाएं अंतिम समय कनेक्टिविटी मिल सकें और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव प्राप्त हो।
- मैसर्स अर्थशास्त्र के माध्यम से अब बाद में भुगतान (15 दिनों के बाद) की सुविधा और मैसर्स एंडुरिल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से डिलिवरी पर भुगतान की सुविधा शुरू की गई है। (आईआरसीटीसी उपयोगकर्ताओं के लिए टिकट की डिलीवरी के समय भुगतान किया जा सकता है)।

इंटरनेट टिकटिंग की मुख्य विशेषताएं

- ➢ बुक किए गए टिकटों की कुल संख्या 24.6 करोड़ थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक थी।
- ➢ 31 मार्च, 2018 तक ऑनलाइन ई–टिकटिंग से कुल टिकट किराया 28,475.48 करोड़ रुपये था।
- ➢ 31 मार्च, 2018 तक मोबाइल ऐप के माध्यम से बुक किए गए टिकटों की कुल संख्या 4.83 करोड़ थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 225% अधिक थी।
- ➢ **मोबाइल बुकिंगः–** अगली पीढ़ी ई–टिकटिंग सिस्टम पर एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म का एक नया संस्करण जनवरी 2017 में लॉन्च किया गया था। औसत मोबाइल ऐप बुकिंग 2016–17 के 40,752 टिकटों की तुलना में 2017–18 के दौरान प्रति दिन 1,32,539 टिकटें रही। एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म पर आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट मोबाइल ऐप के माध्यम से, कुल 4.83 करोड़ टिकट बुक किए गए थे, जो ऑनलाइन टिकटों के माध्यम से बुक किए गए कुल टिकटों का 20 प्रतिशत है।
- ➢ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिक केंद्रित सेवाओं को बढ़ाने के लिए भारत सरकार की ई–गर्वनेंस योजना के तहत, मैसर्स सीएससी ई–गवर्नेंस इंडिया सर्विसेज लिमिटेड को इंटरनेट के तहत ई–टिकटिंग के लिए अपने 2.8 लाख ग्राम स्तर उद्यमियों (वीएलई) को इंटरनेट कैफे के अन्तर्गत पंजीकृत करने की अनुमति दी गई है।
- ➢ एजेंटों द्वारा बुक की गई कुल ई–टिकटें 18.9 प्रतिशत हैं जो कि पिछले वर्ष की बुकिंग की तुलना में 4.2 प्रतिशत अधिक है।
- ➢ 3 घंटे से अधिक समय तक देरी से चलने वाली गाड़ियों के उपयोगकर्त्ताओं को धनवापसी पीआरएस ईडीआर शेड्यूलर के माध्यम से छठवें दिन की जा रही है लगभग 50 प्रतिशत गाड़ियों के 3 घंटे से अधिक देरी के मामले में अब छठवें दिन पीआरएस के माध्यम से सैटल किए जा रहे हैं। यह सुविधा दिनांक 18.10.2017 से शुरू हुई है।
- ➢ लंबित टीडीआर रिफंड मामले मार्च, 2018 में 43,131 के सबसे कम आंकड़े को छुआ है। अब यह एक महीने से भी कम की संचयी है।
- ➢ वर्ष के दौरान रेल यात्रा के लिए लगभग 35 करोड़ यात्रियों को मुफ्त बीमा प्रदान किया गया है।
- ➢ डेबिट कार्ड का उपयोग करके ऑनलाइन अपने टिकट की बुकिंग करने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए 01.03.2018 से लेन–देन प्रभार शून्य कर दिया गया है।
- ➢ अब नए अंतर्राष्ट्रीय उपयोगकर्ता विदेशी पर्यटक कोटा के तहत ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं (दिनांक 14 जुलाई 2017 से)

घ. बोतलबंद पीने का पानी (रेल नीर)

इस समय आईआरसीटीसी के 7 संयंत्र चल रहे हैं जो कि दिल्ली, पटना, पालूर, अम्बरनाथ, अमेठी, पारासल्ला और बिलासपुर में हैं। जिनमें से अमेठी और पारासल्ला पीपीपी योजना के तहत चल रहे हैं।

आईआरसीटीसी द्वारा परिचालित संयंत्र	पीपीपी मॉडल आधारित सयंत्र
नांगलोई, दिल्ली	अमेठी, उत्तर प्रदेश
दानापुर, बिहार	पारासल्ल, केरला
पालूर, तमिलनाडु	
अम्बरनाथ, महाराष्ट्र	
बिलासपुर, छत्तीसगढ़	

नांगलोई, दानापुर, पालूर, अम्बरनाथ, अमेठी, पारासल्ला एवं बिलासपुर स्थित संयंत्रों का कुल उत्पादन पिछले वर्ष के 18.70 करोड़ बोतल की तुलना में 20.20 करोड़ बोतल रहा। **31 मार्च 2018 में सभी संयंत्रों की क्षमता उपयोगिता 82% थी।**

गुणवत्ता: रेल नीर संयंत्र, दानापुर, नांगलोई, पालुर और अम्बरनाथ आईएसओ: 9001–2008 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली प्रमाणीकरण और रेल नीर संयंत्र अम्बरनाथ 22000:2015 प्रमाणीकरण के साथ मान्यता प्राप्त है।

रेल नीर बोतलबंद पेयजल का मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं द्वारा किए गए परीक्षणों के परिणाम से स्पष्ट है कि रेल नीर की गुणवत्ता कीटनाशक अवशेष के लिए यूरोपीय आर्थिक समुदाय (ईईसी) मानदंडों के अनुरूप है।

प्रौद्योगिकी/क्षमता उन्नयन:

- विनिर्माण की लागत को कम करने के लिए दानापुर संयंत्र में बोतल के नेक साइज को 30 मिमी से 27 मिमी में बदल दिया गया है।
- 500 मिलीलीटर की बोतल में एक डिजाइन परिवर्तन के साथ–साथ नेक साइज में 30 मिमी X 27 मिमी से 30 मिमी X 25 मिमी तक बदल दिया जिससे 15 पैसे की लागत में कमी और प्रफॉरमेन्स की दरों में किफायती हुईं।
- डिजाइन प्रति कृति और नकली पानी की परिणामी बिक्री का मुकाबला करने के लिए, रेल नीर की बोतल पर सुरक्षा विशेषता के रूप में एक होलोग्राम लगाया गया।
- सीएफए संचालन की निगरानी के लिए हैंडहेल्ड टर्मिनलों (एचएचटी) का उपयोग।
- रेल नीर कैरीइंग और फॉरवर्डिंग एजेंसियां (सीएफए) को हैंडहेल्ड टर्मिनल (एचएचटी) के माध्यम से इनवॉइसों को जारी करने का अधिकार दिया गया है। लाइसेन्सियों को लाइव रिकॉर्ड और गाड़ियों और खानपान इकाइयों को स्टॉक की बिक्री और आपूर्ति के समाधान हो सके। इसने बिल निपटारे की प्रक्रिया को सरल बना दिया है, सटीक और वास्तविक समय में होता है। इसके परिणामस्वरूप रिकॉनसिलेक्शन के लिए स्टेशनरी और समय में बचत हुई है। आईआरसीटीसी सर्वर के साथ उपर्युक्त डेटा को ऑनलाइन जोड़कर रेल नीर परिचालन के कार्यनिष्पादन का आंकलन करने के लिए निर्णय लेने वाले टूल बनाने का प्रस्ताव है। वर्ष 2017–18 के दौरान रेल नीर के सभी संयंत्रों के कार्यनिष्पादन (व्यवहारिक एवं वित्तीय) नीचे दिया गया है।

संयंत्र का नाम	बिक्री (बोतलों की संख्या करोड़ों में)	टर्नओवर सहित–अंतर सेगमेन्ट बिक्री (करोड़ रु. में)
नांगलोई	4.28	36.53
दानापुर	2.81	25.87
पालूर	3.46	29.90
अम्बरनाथ	4.88	42.55
अमेठी	2.15	20.05
पारासल्ला	1.52	14.22
बिलासपुर	0.62	5.78
कुल	**19.72**	**174.90**

उत्पादन प्रति यूनिट के लिए खपत

विवरण	विद्युत (केडब्ल्युएच / 100 बोतलें)	
	2017-18	**2016-17**
रेल नीर बोतलबंद पीने का पानी	5.0	5.4

भविष्य की क्षमता और योजना:

- ✓ अरंका कंसल्टेंट्स के एक अध्ययन के अनुसार, भारतीय रेलवे पर पैक किए गए पेयजल की औसत दैनिक आवश्यकता लगभग 18 लाख बोतलें/प्रतिदिन है। आईआरसीटीसी की औसत उत्पादन क्षमता सात कार्यरत संयंत्रों में 6.8 लाख बोतलें प्रतिदिन हैं। आठ और संयंत्रों को चालू करने के साथ, क्षमता प्रति दिन औसतन 11.9 लाख बोतलों तक बढ़ जाएगी ये 2018–19 तक परिचालित होगी इससे भारतीय रेलवे की 66% मांग पूरी हो पाएगी।
- ✓ पीपीपी मोड के तहत तीसरा संयंत्र नागपुर में सिविल निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और मशीनरी की स्थापना प्रगति पर है। संयंत्र वित्त वर्ष 2019 में चालू करने की संभावना है। संयंत्र की स्थापित क्षमता प्रति दिन 72000 लीटर है।
- ✓ दो और संयंत्र हापुड़ और संक्रेल में निर्माण कार्य 2017–18 में शुरू किया गया था। इनके 2018–19 में शुरू होने की उम्मीद है।
- ✓ अहमदाबाद, भोपाल, भुसावल, जागी रोड (गुवाहाटी के पास), विजयवाड़ा और जबलपुर में छह और संयंत्रों के ठेके दिए गए है और इनमें से कम से कम 5 संयंत्रों को 2018–19 में चालू कर दिया जाएगा।
- ✓ नंगल और रांची में दो और संयंत्रों के लिए निविदाएं 2017–18 में अंतिम रूप दी गई हैं और निर्माण 2018–19 में शुरू किया जाएगा। रांची में संयंत्र केंद्रीय कोलफील्ड लिमिटेड की परित्याग कोयला खानों के परिसर में बहुतायत में उपलब्ध कच्चे पानी के साथ स्थापित किया जा रहा है।
- ✓ आईआरसीटीसी ने एनटीपीसी पावर प्लांट परिसर में रेल नीर संयंत्र स्थापित करने के लिए एनटीपीसी के साथ एक समझौता ज्ञापन किया है। जिसमें स्रोत शोधित पानी एनटीपीसी द्वारा प्रदान किया जाएगा। एनटीपीसी ने एक फ्लू गैस आधारित सागर जल (एफजीएसडब्ल्यू) विलवणीकरण (डीसैलिनेशन) प्रणाली विकसित की है जिसके माध्यम से डिस्टिल्ड जल का उत्पादन होता है और खनिज और ओजोनेशन के बाद बोतल भरने के लिए उपयुक्त बना दिया जाता है। एनटीपीसी के सिम्हाद्री (विशाखापत्तनम), तालचर और सोलापुर में संयंत्र स्थापित करने के लिए इन तीन स्थानों की पहचान की गई है। ये संयंत्र पर्यावरण अनुकूल हैं क्योंकि कच्चे पानी को जमीन से निकाला नहीं जाता है।

वाटर वेन्डिंग मशीन

रेल मंत्रालय में आईआरसीटीसी को **वाटर वेन्डिंग मशीनों** के माध्यम से रेल यात्रियों को शुद्ध, ठंडा पेयजल सस्ती दरों (5/–प्रति 1लीटर की दर से) पर उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिए थे ताकि, प्लास्टिक की बोतलों की कम खपत से प्रदूषण कम किया जा सके और रोजगार उत्पन्न हो सके।

वर्ष 2017–18 के दौरान आईआरसीटीसी ने 632 वाटर वेन्डिंग मशीनें (एमओयू लक्ष्य 1250 मशीनें) लगाई। कम्पनी ने 31 मार्च 2018 तक भारतीय रेलवे पर लगाने के लिए पहचान की गई 2500 वाटर वेन्डिंग मशीनों के स्थान पर संचयी रूप से कुल 1735 वाटर वेडिंग मशीनों को लगाया। श्रेणी ए–1, ए, बी और सी के कुल 1194 स्टेशनों में से कुल 633 स्टेशनों पर वाटर वेन्डिंग मशीनों को लगा दिया है जिससे लगभग 95 प्रतिशत ए–1 श्रेणी के स्टेशन कवर हो गए हैं।

3. मानव संसाधन विकास

संगठन में मानव संसाधन विकास (एचआरडी) कार्यकलाप को इस प्रकार डिजायन किया गया है कि कर्मचारियों की जानकारी, क्षमता, कौशल और अन्य प्रतिभाओं में सुधार करना है। आईआरसीटीसी अपनी सबसे महत्वपूर्ण परिसम्पति अर्थात् मानव संसाधन की शक्ति में पूर्णतया विश्वास रखता है। कर्मचारियों के मनोबल को ऊंचा रखने के लिए कम्पनी सर्वोत्तम प्रबंधन प्रथाओं का पालन करके उनकी समावेशी संवृद्धि और विकास के द्वारा अपने कर्मचारियों का हित सुनिश्चित करती है।

31 मार्च 2018 तक कम्पनी में कुल जनशक्ति 2101 कर्मचारी थे। जिसका विवरण निम्न प्रकार है:

श्रेणी	कर्मचारियों की संख्या
नियमित कर्मचारी	1403
प्रतिनियुक्ति पर	58
अनुबंध पर/जेडटीओ	03
परामर्शदाता	19
आऊट सोर्स	618

कम्पनी के नियमित कर्मचारियों में से महिला कर्मचारियों, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों, विकलांग और भूतपूर्व सैनिकों की संख्या और प्रतिशत का नीचे उल्लेख किया हैः–

श्रेणी	कर्मचारियों की संख्या	नियमित कर्मचारियों की संख्या का कुल %
महिला कर्मचारी	117	5.57
अनुसूचित जाति कर्मचारी	270	12.85
अनुसूचित जनजाति कर्मचारी	73	3.47
अन्य पिछड़ा वर्ग	339	16.14
दिव्यांग कर्मचारी	05	0.24
भूतपूर्व सैनिक	NIL	–

भारत सरकार ने समय–समय पर आरक्षण संबंधी नीतियां जारी की हैं, जिनमें विशिष्ट पदों के लिए सीधी भर्ती के साथ–साथ पदोन्नति के लिए अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है। आईआरसीटीसी केन्द्रीय सरकार का सार्वजनिक उपक्रम होने के कारण सरकार द्वारा निर्धारित पद आधारित रोस्टर प्रणाली के अन्तर्गत आरक्षण नीतियों का कड़ाई से अनुपालन करती है।

वर्ष के दौरान कर्मचारियों को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए डब्ल्यू–1 से डब्ल्यू–3 वेतनमान के वर्कमैन श्रेणी के 120 कर्मचारियों को डब्ल्यू–6 वेतनमान में तथा 3 कर्मचारियों को एस 4, ई 0 वेतनमान से ई–2 वेतनमान में सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) आयोजित करके पदोन्नत किया गया।

2017–18 के लिए एमओयू लक्ष्य और प्राप्त उपलब्धियां

क्र.सं.	लक्ष्य	उपलब्धियों की स्थिति
1	वरिष्ठ कार्यपालकों (अपर महाप्रबंधक और उच्च) की 100% ऑनलाइन त्रैमासिक सतर्कता क्लियरेन्स	सभी कार्यपालकों (अपर महाप्रबंधकों एवं उच्च) की त्रैमासिक सतर्कता क्लियरेन्स सतर्कता से ऑन लाइन ली जाती है।
2	उत्तराधिकारी योजना तैयार करना और 30.09.2017 तक निदेशक मंडल से अनुमोदन कराना।	15.11.2017
3	कार्यपालक (ई–0 और उच्च स्तर) की बिना देरी के 100% डीपीसी करानी	2017-18 के दौरान 14 चयन कराने की योजना थी और सभी 14 चयन किए गए। इन चयनों के अतिरिक्त उपर्युक्ता के आधार पर पदोन्नति हेतु 19 डीपीसी की योजना थी और सभी 19 डीपीसी 2017-18 में पूर्ण की गई।
4	प्रतिभा प्रबंधन और कैरियर प्रोग्रेशन हेतु कम से कम एक सप्ताह का प्रशिक्षण भारत में उत्कृष्टता केन्द्रों अर्थात् आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, आईसीएआई आदि में दिलाना–10% कार्यपालकों को	10.30% (कम्पनी के कुल 301 कार्यपालकों में से 31 को आईआईएम/रोहतक एवं एमडीआई/गुड़गांव में एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिलाया गया।)

कर्मचारी हित

राष्ट्रीय पेन्शन योजना: वर्ष के दौरान कम्पनी ने आईआरसीटीसी के कर्मचारियों के लिए पेन्शन योजना राष्ट्रीय पेन्शन योजना (एनपीएस) के अन्तर्गत पेन्शन फण्ड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के माध्यम से 01.04.2017 से शुरू की गई। 01.04.2017 से 31.03.2017 तक और वित्त वर्ष 2017–18 का नियोक्ता का अंशदान 957 कर्मचारियों के संबंधित स्थाई सेवानिवृत्ति लेखा नम्बर (पीआरएएन) में अन्तरित किया गया।

औद्योगिक संबंध

वर्ष के दौरान आईआरसीटीसी में औद्योगिक सद्भाव बनाए रखा गया और मानव दिवस की कोई हानि नहीं हुई। कम्पनी में सशक्तिकरण, पारदर्शिता, विकेन्द्रीकरण और प्रबंधन में भागीदारिता के द्वारा प्रभावी कार्य संस्कृति स्थापित की गई है।

कर्मचारियों का विवरण

को कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 197 (12) जिसे कम्पनी (प्रबंधकीय कर्मचारियों की नियुक्ति और परिलब्धियां) नियम 2014 के नियम 5(2) के अन्तर्गत पढ़ा जाए में प्रत्येक कम्पनी को कम्पनी के किसी भी कर्मचारी को निर्धारित सीमा से अधिक पारिश्रमिक दिए जाने वाले का नाम और अन्य विवरण कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट में देना होता है।

तथापि भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के 05 जून 2015 के जारी अधिसूचना में सरकारी कम्पनियों को कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 197 की व्यवस्था से छूट दी गई है।

आपकी कम्पनी एक सरकारी कम्पनी है अतः ऐसा विवरण निदेशक रिपोर्ट में शामिल करना अपेक्षित नहीं है।

4. सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग (आईटी) और उद्यम संसाधन योजना (ईआरपी)

आईआरसीटीसी में मजबूत ईआरपी अनुप्रयोग (ओरेकल एंटरप्राइज बिजनेस सूट) है, जिससे ईआरपी के विभिन्न मॉड्यूल अर्थात् देय खाते (एपी) प्राप्य खाते (एआर), जनरल लेजर (जीएल), एचआरएमएस, संपत्ति प्रबंधक, कर्मचारी सेल्फ सर्विस (www.IRCTC.com– कर्मचारी लॉगिन के साथ एकीकृत) को कार्यान्वित किया गया है और लगभग सभी विभागों जैसे वित्त खानपान, रेल नीर और एचआरडी के सभी प्रक्रियाओं को समर्थन करता है और विभिन्न रिपोर्टों और एमआईएस के लिए उनकी मदद करता है। संगठन के सभी आधिकारिक कर्मचारियों का डेटा और संगठन का वित्तीय डेटा को ईआरपी में डिजिटल रूप में रखा जाता है और इसे कहीं से भी देखा जा सकता है।

2017–18 के एमओयू लक्ष्य के अनुसार सभी कार्यपालक (ई0 और उससे ऊपर) के एसीआर/एपीएआर के 100% ऑनलाइन सबमिशन के साथ–साथ एसीआर/एपीएआर की निर्धारित समय सीमा के अन्दर लिखाने के अनुपालन हेतु आपकी कंपनी ने वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) ऑनलाइन भरने के लिए एक मॉड्यूल विकसित किया है और यह वित्त वर्ष 2017–18 से ई–0 और उससे उच्च के लिए एपीआर पर क्रियात्मक है।

5. सतर्कता

आईआरसीटीसी में सतर्कता विंग एक प्रमुख विभाग है जो सीवीसी, रेलवे बोर्ड के सतर्कता संगठन के बीच सीधा लिंक के रूप में कार्य करता है। इसे विभिन्न औचक जांच करने के लिए जनादेश और समय–समय पर विभिन्न अन्य विभागों के अभिलेख/दस्तावेजों की जांच, संगठन में कदाचार, भ्रष्टाचार और अनुचित/गैरकानूनी व्यावसायिक आचरण का समय पर पता लगाने की जिम्मेदारियों के साथ सौंपा गया है।

01.02.2018 से आईआरसीटीसी की सतर्कता विंग का पूर्णकालिक मुख्य सतर्कता अधिकारी हो गया है। उन्हें कॉर्पोरेट कार्यालय में एक उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, 3 सतर्कता अधिकारी और 2 सतर्कता निरीक्षकों द्वारा सहायता दी जाती है। कार्यक्षेत्रों में सतर्कता से संबंधित मामले को संभालने के लिए विभिन्न जोनों में 5 सतर्कता अधिकारी हैं। सतर्कता विभाग का ध्यान देने वाले क्षेत्र में कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना निवारक सतर्कता और निगरानी तथा चौकसी रखना है।

2017–18 के दौरान, सीवीसी, बोर्ड (सतर्कता) और अन्य स्रोतों से 04 शिकायतें और जांच के लिए प्राप्त हुई शिकायतों की जांच की गई और समय सीमा के भीतर निपटाया गया। खानपान और ई टिकट क्षेत्र में 131 निवारक/औचक जांच की गई। ईमेल के माध्यम से प्राप्त लगभग 303 शिकायतों पर कार्रवाई की गईं। इस तरह के कदाचार और भ्रष्टाचार की घटनाओं को संबंधित विभाग को लाइसेंसधारकों और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सूचित किया गया इसके परिणामस्वरूप 52,06,029 रू. का जुर्माना वसूला गया।

इसके साथ–साथ सतर्कता विभाग की सिफारिश पर विभिन्न विभागों विशेष रूप से खरीद, खानपान और ई टिकट क्षेत्र में कदाचार के मामलों को कम करने के लिए प्रणाली सुधार लागू किए गए।

सीवीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार, सतर्कता जागरूकता सप्ताह 30 अक्टूबर 2017 से 4 नवंबर 2017 तक आयोजित किया गया इसकी थीम ''मेरी परिकल्पना – भ्रष्टाचार मुक्त भारत'' थी। आयोजनों के दौरान, आईआरसीटीसी के सभी कार्यालयों और जोनों में कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए विभिन्न सेमिनार/कार्यशालाएं आयोजित की गईं। नागरिकों और ग्राहकों के लिए पांच शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए गए जिसका उद्देश्य आम शिकायतों को हल करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करना था और भ्रष्टाचार की जांच के लिए नागरिक अधिकारों के बारे में संवाद करने के लिए भी काम करना था। क्या करें और क्या नहीं करें के साथ ई टिकटिंग और क्लीन सिस्टम के महत्व को बताते हुए, दर्शकों और यात्रियों के लिए विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटक और नाटक भी आयोजित किए गए।

व्हिस्ल ब्लोअर पॉलिसी/चौकसी तंत्र की स्थापना

चौकसी तंत्र की स्थापना के संबंध में प्रकटीकरण कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट में **परिशिष्ट–''ख''** में शामिल किया गया है।

6. कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वः

वर्ष 2017–2018 के दौरान कम्पनी ने सीएसआर और धारणीयता के अर्न्तगत जन स्वास्थ्य, वृद्ध और दिव्यांग जनों के लिए सुविधाओं सफाई और स्वच्छता के क्षेत्र में कई गतिविधियों के लिए पहल की गई। वर्ष के दौरान कम्पनी के द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व एवं धारणीयता की कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियां निम्न हैः–

i. नम्माः शौचालयों का निर्माण

आईआरसीटीसी के सीएसआर पहलों के अर्न्तगत मॉड्यूलर टाईप नम्माः शौचालयों की व्यवस्था गोरखपुर, जयपुर, ग्वालियर, आगरा कैण्ट और बड़ौदरा रेलवे स्टेशनों पर की गई। परियोजना की स्वीकृत लागत 1,25,00,000/– रुपये में से पिछले वित्त वर्ष में 60,65,000/– रुपये तथा वित्त वर्ष 2017–18 में 35,41,984/–रू. खर्च किए गए।

ii. विभिन्न स्टेशनों पर व्हील चेयर लिफ्ट्स की आपूर्तिः

आईआरसीटीसी ने दिल्ली–चेन्नै मार्ग के आगरा, ग्वालियर, झांसी, भोपाल, नागुपर, विजयवाड़ा, हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली, चेन्नै रेलवे स्टेशन पर 29,29,500/– रू. मूल्य की 10 व्हील चेयर लिफ्ट की व्यवस्था की गई।

iii. विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर पीईटी बोतल क्रशरः

हावडा मंडल, हैदराबाद मंडल, रांची मंडल, दिल्ली मंडल, विजयवाडा मंडल, लखनऊ मंडल, और मुम्बई मंडल पर 57.23 लाख रू. मूल्य की 50 पीईटी बोतल श्रेडर मशीन लगाने के खरीद आदेश दिए गए।

iv. थेलिसीमिया और ल्यूकेमिया (रक्त कैंसर) के मरीजों के लिए रक्त संचरण केन्द्र के लिए उपकरण को प्रायोजित करने के लिए वित्तीय सहायता

थैलिसीमिया और ल्यूकेमिया (रक्त कैंसर) के मरीजों के लिए रक्त संचरण केन्द्र की स्थापना एनजीओ – द विशिंग फैक्ट्री के माध्यम से करने के लिए 13 लाख रू. की वित्तीय सहायता प्रदान की। पुणे और अजमेर में एक–एक अर्थात् कुल दो रक्त संचरण केन्द्र की स्थापना की गई।

v. जरूरतमंद कैंसर मरीजों को कैंसर पेशेन्ट ऐड एसोसिएशन के माध्यम से गोद लेना।

कम्पनी ने जरूरतमंद कैन्सर पेशेन्टों को गोद लेने के लिए कैन्सर पेशन्ट ऐड एसोसिएशन (सीपीएए) को 15,00,000/– रुपये का योगदान दिया।

vi. स्वयं सहायता समूह महिला सशक्तिकरण (एसएचजी) और एनजीओ के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता।

कम्पनी के द्वारा स्वयं सहायता समूह को महिला सशक्तिकरण के द्वारा उनके जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए भारतीय स्त्री शक्ति के माध्यम से 5,00,000/–रू. का योगदान दिया और पिछले क्षेत्रों में लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने के लिए एनजीओ–भारतीय संकल्प पथ फाऊन्डेशन, नई दिल्ली को 1,80,000/–रूपए की वित्तीय सहायता प्रदान की।

vii. अशक्तजनों के लिए सामाजिक कल्याण संगठन – वॉइस ऑफ वर्ड को वित्तीय सहायता

सामाजिक कल्याण संगठन –वॉइस ऑफ वर्ड को अशक्तजनों के स्कूल में ब्रेल पुस्तकालय की स्थापना हेतु 10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

viii. राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, नई दिल्ली में वाटर एटीएम की स्थापना।

सीएसआर पहल के अन्तर्गत आईआरसीटीसी ने राष्ट्रीय रेल संग्रहालय नई दिल्ली में कुल 10 लाख मूल्य के वाटर वेन्डिंग एटीएमों की स्थापना की।

ix. सीएसआर फंड के कुल का 33 प्रतिशत स्वच्छ भारत गतिविधियों को आबंटन।

स्वच्छ भारत गतिविधियों के लिए सीएसआर फंड के आबंटन के संबंध में सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिशानिर्देशों के अनुपालन में आईआरसीटीसी के द्वारा कुल सीएसआर फंड का न्यूनतम 33 प्रतिशत फंड से अधिक 402 लाख रुपये की राशि भारत सरकार द्वारा गठित स्वच्छ भारत कोष में आबंटित की गई।

7. अनुपालन

7.1 माल और सेवा कर

भारत सरकार ने एक बृहत सामाजिक, आर्थिक सुधार माल सेवा कर शुरू किया, यह माल ओर सेवाओं की आपूर्ति पर लगाया गया एक अपरोक्ष कर है। कर सुधार के रूप में जीएसटी को पूरे देश में एक एकल प्रणाली कराधान लागू किया है। इसमें पूर्व के वैट और सेवाकर व्यवस्था के अधिकतर प्रत्यक्ष करों को सम्मिलित किया गया है।

अब जीएसटी को 01.07.2017 से लागू किया गया है और आईआरसीटीसी ने जीएसटी को सफलतापूर्वक अपनाने की उपलब्धि प्राप्त की है। प्रारंभ में प्रलेखीकरण से संबंधित कठिनाईयां आने के वाबजूद जीएसटी स्थिर और पारदर्शी कराधान व्यवस्था बनाने में एक बड़ा कदम है।

7.2 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना का अधिनियम, 2005 को नागरिकों के लिए व्यावहारिक **सूचना के अधिकार** का शासन स्थापित करके लोक प्राधिकारियों के नियंत्रण में सूचनाओं तक सुरक्षित पहुंच कर पारदर्शिता और जबावदेही का बढ़ावा देना है। सूचना के अधिकार के आवेदनों को त्वरित रूप में निपटान करने के लिए आईआरसीटीसी प्रत्येक आवेदन का एक यूनिक पंजीकरण नम्बर (यूआरएन) देता है और इसका उत्तर संबंधित मुख्य जन सूचना अधिकारी/जन सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समय सीमा से पूर्व दिया जाता है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की व्यवस्था के अनुरूप कॉरपोरेट कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों ने जनसूचना अधिकारी और अपीलीय प्राधिकारी नामित किए गए हैं। मुख्य जन सूचना अधिकारी/जन सूचना अधिकारियों, अपीलीय प्राधिकारियों की सूची आईआरसीटीसी की वेबसाइट अर्थात् www.irctc.com पर उपलब्ध है। आईआरसीटीसी ने एमआईएस पोर्टल को ऑनलाइन आरटीआई शुरू कर दिया है और ऑनलाइन प्राप्त सभी आवेदनों का निपटान आरटीआई पोर्टल पर ऑनलाइन किया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप आरटीआई मामलों का तेजी से निपटान हो रहा है।

वर्ष 2017–18 के दौरान सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत 2338 आवेदन प्राप्त हुए जिनका समय पर निपटारा कर दिया गया।

विवरण	अन्य लोक प्राधिकारी से अनुच्छेद 6(3) के अन्तर्गत स्थानांतरित प्राप्त आवेदनों की संख्या	वर्ष के दौरान प्राप्त (अन्य लोक प्राधिकारी को स्थानांतरित मामलों सहित)	अन्य लोक प्राधिकारी को अनुच्छेद 6(3) के अन्तर्गत स्थानांतरित मामलों की संख्या	निर्णय जिनमें आवेदन/अपील खारिज़ किए गए।	निर्णय जिनमें आवेदन/अपील का उत्तर दिया गया।
आवेदन	1944	2338	267	6	2065
प्रथम अपील	62	77	16	0	61

7.2 राष्ट्रपति के निर्देश

वर्ष के दौरान रेल मंत्रालय के आदेश सं. 2017/पीएल/49/08/दिनांक 02.01.2018 के द्वारा राष्ट्रपति के निर्देश प्राप्त हुए जिसने आईआरसीटीसी के बोर्ड स्तर से नीचे के कार्यपालकों और गैर यूनियन पर्यवेक्षकों का वेतन संशोधन 01.01.2017 से लागू करने के निर्देश दिए गए।

7.3 राजभाषा

भारत सरकार की राजभाषा नीतियों के अनुपालन में निगम राजभाशा के कार्यान्वयन पर लगातार बल देता आया है। कम्पनी में राजभाशा के प्रयोग को बढाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के

लिए अपनी प्रतिबद्धता सिद्ध की है। कम्पनी ने राजभाषा के प्रयोग–प्रसार के लिए कई प्रयास किए हैं। वर्ष के दौरान कार्यशालाएं, प्रशिक्षण, बैठकें, विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आदि आयोजित की हैं। राजभाषा में उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान के लिए कई प्रोत्साहन और पुरस्कार योजनाएं लागू है।

14 सितम्बर 2017 से 20 सितम्बर 2017 तक कॉरपोरेट कार्यालय में हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं यथा हिंदी–प्रश्न मंच, हिंदी श्रुतलेखन, हिंदी निबंध, शब्द ज्ञान एवं टिप्पण प्रारूप लेखन प्रतियोगिता और हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

7.4 कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न अधिनियम (रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम) 2013 के अन्तर्गत अपेक्षित प्रकटन

कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न अधिनियम 2013 (रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम) और उसके अन्तर्गत नियमों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। कम्पनी महिलाओं को उनके कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रकार की किसी घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल कार्रवाई करती है। अधिनियम में की गई व्यवस्था के अनुसार महिलाओं को यौन उत्पीड़न से संरक्षण के लिए आईआरसीटीसी के कॉरपोरेट कार्यालय के साथ–साथ कम्पनी के जोनल कार्यालयों में अपेक्षित संरचना के अनुसार आंतरिक शिकायत समिति(यां) का गठन किया गया है।

वर्ष के दौरान कम्पनी में यौन उत्पीड़न की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

7.5 सूक्ष्म, लघु और मध्यम दर्जे के उद्यमों से प्रापण (एमएसई)

सूक्ष्म, लघु और मध्यम दर्जे के उदयमों (एमएसई) के लिए आपूर्ति नीति आदेश 2012 में कुल खरीद का न्यूनतम 20 प्रतिशत खरीद एमएसई फर्मों तथा 20 प्रतिशत में से कम से कम 40% एससी/एसटी फर्मों से खरीद की जानी आवश्यक है। आईआरसीटीसी ने वर्ष 2017–18 के दौरान एमएसई फर्मों से कुल का 17.94 प्रतिशत ही खरीद पाना संभव हुआ।

कम्पनी 2018–19 में एमएसई से 20% जिसमें एससी/एसटी फर्मों से 20% का 4% की खरीद का लक्ष्य प्राप्त करने का सभी संभव प्रयास करेगी।

8. कम्पनी अधिनियम 2013 का अनुपालन

8.1 जमा

समीक्षाधीन आलोच्य वर्ष के दौरान कम्पनी ने कम्पनी (जमा स्वीकार करना) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 के अध्याय V के अन्तर्गत जनता से कोई जमा स्वीकार नहीं किया या, कोई जमा आमंत्रित नहीं किया है। अतः कम्पनी (लेखा) नियम 2014 के नियम 8(5)(V) के अन्तर्गत दी जाने वाली सूचना **शून्य** है।

8.2 ऋण एवं दी गई गारंटियों, किए गए निवेश और दी गई प्रतिभूतियां का विवरण।

वर्ष के दौरान कम्पनी ने, कम्पनी (बोर्ड की बैठकें और इसकी शक्तियां) नियम 2014 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 186 के अन्तर्गत किसी प्रकार का ऋण, निवेश या कोई गांरटी नहीं दी गई है। अतः कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 186 के अन्तर्गत दी जाने वाली सूचना **शून्य** है।

8.3 संबंधित पार्टियों के साथ संविदा और करार

आलोच्य वर्ष के दौरान कम्पनी ने, कम्पनी (बोर्ड की बैठकें और इसकी शक्तियां) नियम 2014 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 188 के अन्तर्गत किसी प्रकार की संविदा/करार/लेनदेन नहीं किया है। अतः कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 134 और उप–धारा के खंड (एच) और कम्पनी (लेखा) नियम 2014 के नियम 8 के अन्तर्गत निर्धारित फॉर्म एओसी–2 में दी जाने वाली अपेक्षित सूचना **शून्य** है।

8.4 आंतरिक नियंत्रण प्रणाली एवं उसकी पर्याप्तता

कम्पनी में एक आंतरिक नियंत्रण प्रणाली बनाई है जो आकार, स्तर और परिचालन की जटिलता के अनुरुप है। आंतरिक लेखा परीक्षा कम्पनी की समग्र आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली का एक महत्वपूर्ण अंश हैं। आंतरिक लेखा परीक्षा के कार्य का दायरा सुपरिभाषित है ओर इसमें कम्पनी के सभी महत्वपूर्ण व्यवसायों को व्यापक रूप से शामिल किया गया है। कम्पनी की आंतरिक

लेखा परीक्षा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त स्वतंत्र व्यावसायिक फर्म के द्वारा की जाती है। आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का विवरण **अनुबंध–''क''** प्रबंधन विचार विमर्श और विशलेषण रिपोर्ट में दिया गया है।

8.5 जोखिम प्रबंधन

कंपनी ने निदेशक मण्डल स्तर की एक जोखिम प्रबंधन समिति गठित है और इसकी सरंचना आयोजित बैठकों और कार्यक्षेत्र का विवरण पर कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट में दिया गया है।

कम्पनी में बोर्ड स्तर से नीचे की भी समिति गठित की है जिसमें समूह महाप्रबंधक स्तर के अधिकारियों की एक समिति है जिसे मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ) सहयोग करते हैं। समिति का कार्य आईआरसीटीसी के विशिष्ट व्यवसाय संबंधी क्षेत्रों में जोखिमों का पता लगा कर कम्पनी में उचित जोखिम प्रबंधन प्रणाली की स्थापना करना है। लेखा परीक्षा समिति आवधिक रूप से आईआरसीटीसी में जोखिम मूल्यांकन करती है और न्यूनतम प्रक्रिया बनाती है।

कम्पनी की जोखिम प्रबंधन नीति वेबसाइट www.irctc.com पर भी उपलब्ध है। बोर्ड स्तर से नीचे की जोखिम प्रबंधन प्रणाली समिति की त्रैमासिक बैठक में विभिन्न जोखिमों की पहचान की गई और उन पर विचार–विमर्श किया गया। कम्पनी ऐसे मानकों को देखने के लिए व्यावसायिक संस्थान/संगठन को रखने की प्रक्रिया शुरू की है।

8.6 सचिवीय मानक

सचिवीय मानक कम्पनी ने लागू सचिवीय मानको यथा निदेशक मंडल की बैठकों और आम सभा से संबंधित क्रमशः एसएस–1 और एसएस–2 का अनुपालन किया है।

9 महत्वपूर्ण एवं सामग्रीपरक आदेश

नियामकों अथवा न्यायालयों अथवा प्राधिकरणों द्वारा ऐसे कोई महत्वपूर्ण अथवा सामग्रीपरक आदेश नहीं पारित किए गए जिससे कम्पनी की वर्तमान स्थिति अथवा उसके भावी परिचालनों पर कोई प्रभाव पड़े।

10 ऊर्जा संरक्षण, टेक्नॉलाजी समाहन और विदेशी मुद्रा में आय और व्यय आदि के संबंध में विवरण

ऊर्जा संरक्षण, टेक्नॉलाजी समाहन और विदेशी मुद्रा में आय और व्यय आदि के संबंध में विवरण कम्पनी (लेखा) नियम 2014 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 134(3) (एम) के अन्तर्गत प्रकटन अपेक्षित है जो निम्न प्रकार है :

आईआरसीटीसी अपने परिचालनों, उत्पादों एवं सेवाओं से पर्यावरण पर पड़ने वाले विपरित प्रभावों को न्यूनतम करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहता है इसके लिए ऐसी प्रक्रिया, कार्य विधियों, सामग्रियों और उत्पादों का प्रयोग करता है जिससे प्रदूषण नहीं होता, कम होता और नियंत्रित रहता है। संबंधित पर्यावरणी कानूनों का अनुपालन किया जाता है। सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने के लिए पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम की गई है।

(क) टेक्नोलॉजी समाहन

इसका विवरण नीचे तालिका में दिया गया है।

क्र.सं.	विवरण	स्तर
(क)	आयातित टेक्नोलॉजी का विवरण	शून्य
(ख)	आयात का वर्ष	लागू नहीं
(ग)	क्या टेक्नोलॉजी को पूरी तरह समाहित कर लिया गया है	लागू नहीं
(घ)	यदि पूरी तरह समाहित नहीं किया गया है तो वे क्षेत्र बताएं जहां समाहन नहीं हुआ है तो उसके क्या कारण है, और	लागू नहीं

(ख) अनुसंधान और विकास पर किया गया खर्च

आपकी कम्पनी की उपस्थिति इस क्षेत्र में नहीं होने के कारण विशिष्ट अनुसंधान परियोजना नहीं है। तथापि अपने व्यवसाय क्षेत्र में तकनीकी क्षमता में सुधार और सक्षमता में वृद्धि, कुछ उपायों और तकनीकी विकास तथा नवपरिवर्तनशील प्रणाली शुरू की गई।

(ग) विदेश मुद्रा अर्जन और व्यय

पिछले वर्ष की तुलना में, वर्ष के दौरान वास्तविक अंत प्रवाह के अन्तर्गत अर्जित विदेशी मुद्रा और वर्ष के दौरान वास्तविक बाह्य प्रवाह के अन्तर्गत खर्च की गई विदेशी मुद्रा निम्नलिखित है: **(करोड़ रू. में)**

विवरण	2017-18	2016-17
विदेशी मुद्रा अर्जन	37.59	47.51
विदेशी मुद्रा व्यय		
विदेश यात्रा पर होने वाला खर्च	0.33	0.30

11. निदेशकों के कार्यनिष्पादन के मूल्यांकन की नीति

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की 5 जून, 2015 की अधिसूचना के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के साथ–साथ अनुच्छेद 134 (3) (पी) के प्रावधानों में सरकारी कंपनियों को औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन छूट को अधिसूचित किया है यह उन सरकारी कम्पनियों पर लागू नहीं होगा जिनके निदेशकों का मूल्यांकन कम्पनी के प्रशासनिक रूप से प्रभारी मंत्रालय द्वारा स्वयं की मूल्यांकन पद्धति के अनुसार किया जाता है।

सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) ने सभी कार्यात्मक निदेशकों के कार्यनिष्पादन मूल्यांकन के लिए एक तंत्र निर्धारित किया है। आपकी कंपनी प्रत्येक वर्ष रेल मंत्रालय (भारत सरकार) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित करती है, जो कंपनी के लिए प्रमुख कार्यनिष्पादन मानकों का निर्धारण करती है। भारत सरकार के साथ एमओयू के माध्यम से सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा कंपनी और निदेशक मंडल का कार्यनिष्पादन मूल्यांकन किया जाता है।

इसके अलावा, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने 5 जुलाई, 2017 की अधिसूचना के माध्यम से कंपनी के अध्यक्ष और गैर–स्वतंत्र निदेशकों और बोर्ड के संपूर्ण सदस्यों और मूल्यांकन तंत्र के कार्यनिष्पादन की समीक्षा से संबंधित प्रावधानों में छूट दी है, जो कि सरकारी कंपनियों के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV में निर्धारित है।

उपरोक्त को देखते हुए, इस तरह के विवरणों को निदेशकों की रिपोर्ट के हिस्से के रूप में शामिल नहीं किया गया है।

12. अभिन्न रिपोर्ट

निम्न टेबल में उल्लिखित रिपोर्ट प्रासंगिक उप परिशिष्टों सहित निदेशक रिपोर्ट का आंतरिक भाग है और क्रमशः उनके अनुबंधों में रखा गया है।

रिपोर्ट का नाम	परिशिष्ट
प्रबंधन विचार–विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट	क
कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट	ख
सीएसआर और धारणीयता गतिविधियां की वार्षिक रिपोर्ट	ग
सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट	घ
वार्षिक विवरण का सार	ड़
निदेशक रिपोर्ट का परिशिष्ट (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की टिप्पणियों पर प्रबंधन का उत्तर)	च

प्रबंधन विचार विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट में कम्पनी के कार्यकलापों कानूनी स्थिति और स्वतंत्रता, व्यवसाय वातावरण, मिशन एवं उद्देश्य, दृष्टिकोण, क्षेत्रवार परिचालन निष्पादन, इसके संसाधन और प्रणाली, शक्ति, अवसर, बाध्यता, रणनीति, जोखिम और चिंता के साथ–साथ मानव संसाधन और आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली आदि में कम्पनी के काम काज का परिदृश्य हैं। प्रबंधन विचार विमर्श और विश्लेषण पर एक अलग से रिपोर्ट **(अनुबंध–''क'')** पर दी गई है।

कॉरपोरेट अभिशसान रिपोर्ट में कम्पनी का कॉरपोरेट अभिशासन में कम्पनी के महत्वपूर्ण मूल्यों , निदेशक मंडल और इसकी समितियों की सरंचना विवरण जिनमें वर्ष 2017–18 के दौरान और बाद में शामिल हुए निदेशकों का प्रोफाइल, उपस्थिति, निदेशकों आदि का पारिश्रमिक अन्य संबंधित प्रकटीकरण और शेयरधारकों की सामान्य सूचना **(अनुबंध–''ख'')** में दिए गए हैं। इसमें निम्नलिखित पूरक अनुपालन प्रमाण पत्र भी है:–

(i) वर्ष 2017–18 के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जिसमें निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन अधिकारियों से आचार संहिता और महत्वपूर्ण मूल्य के अनुपालन की घोषणा की प्राप्ति हुई है। **(अनुबंध ख–1 पर संलग्न है।)**

(ii) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और निदेशक (वित्त), का प्रमाणपत्र जिसमें वित्तीय कॉरपोरेट अभिशासन पर डीपीई के दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय विवरण का सत्य और निष्पक्ष, अपेक्षित अनुपालनता और वित्तीय रिपोर्टिंग प्रमाणिकता के संबंध में है। **(अनुबंध ''ख–2 पर संलग्न)** और

(iii) कॉरपोरेट अभिशासन पर प्रैक्टि्सिंग कम्पनी सचिव के द्वारा हस्ताक्षरित अुनपालन प्रमाणपत्र **(अनुबंध–''ख–3''** पर संलग्न है।)

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) और धारणीयता गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट।

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) और धारणीयता नीति, सीएसआर समिति की संरचना, विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान कम्पनी का औसत शुद्ध लाभ, निर्धारित सीएसआर खर्च और वित्तीय वर्ष के दौरान शुरू की गई सीएसआर गतिविधियों/परियोजनाओं आदि पर खर्च का विवरण **(अनुबंध–''ग'')**

सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट

कम्पनी (प्रबंकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं परिलब्धियों) नियम, 2014 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 204 के उपबंधों के अनुसार आईआरसीटीसी ने वित्त वर्ष 2017–18 के लिए सचिवीय लेखा परीक्षा हेतु कम्पनी सचिवों की एक स्वतंत्र प्रैक्टिसिंग फर्म मैसर्स अखिल रोहतगी कम्पनी सचिव को नियुक्त किया है। 31 मार्च 2018 को समाप्त वित्त वर्ष की सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट इस रिपोर्ट के अनुबंध के रूप में संलग्न है। **(अनुबंध–घ)**

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 92(3) और कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम 2014 के नियम 12 के अन्तर्गत वार्षिक विवरण का सार निर्धारित फार्म एमजीजी–9 में निदेशक रिपोर्ट के रूप में संलग्न है। **(अनुबंध–''ङ'')**

स्वतंत्र लेखा परीक्षक द्वारा अपनी रिपोर्ट में की गई टिप्पणियों पर प्रबंधन का उत्तर संलग्न है। **(अनबंध–च)**

13. समझौता ज्ञापन

वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) में स्थापित प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआइ) के संदर्भ में प्राप्त परिणामों के आधार पर कंपनी के प्रदर्शन को 'अच्छा' के रूप में रेट किया गया है।

वर्ष 2017–18 और 2018–19 के लिए वित्तीय और भौतिक लक्ष्यों को प्रतिबिंबित करने के समझौते पर क्रमशः 28 जुलाई, 2017 और 14 मई, 2018 को कम्पनी और रेल मंत्रालय के बीच हस्ताक्षर किए गए थे।

2017–18 को एमओयू मूल्यांकन प्रगति पर है और अंतिम मूल्यांकन एमओयू स्कोर और रेटिंग दिसंबर 2018 के दौरान डीपीई द्वारा घोषित होने की उम्मीद है।

14. पुरस्कार और उपलब्धियां

आईआरसीटीसी सर्वांगिक विकास के लिए प्रयास कर रहा है और इसे प्राप्त पुरस्कारों और उपलब्धियों की सूची में स्पष्ट दिखाई देता है:

1. आईआरसीटीसी के प्रमुख उत्पाद रेल नीर को वॉलेन्टरी ऑरगेनाईजेशन इन इन्ट्रेस्ट ऑफ 'कन्ज्यूमर वॉइस' (वीओआईसीई) द्वारा प्रकाशित ''कन्ज्यूमर वॉइस'' पत्रिका में देश भर से कई अन्य प्रतिष्ठित बोतलबंद पेयजल ब्रांडों में शीर्ष निष्पादन के रूप में स्थान दिया गया है। – 15.05.2017
2. आईआरसीटीसी को जे डब्ल्यू मैरियट एयरोसिटी, नई दिल्ली में आयोजित एक शानदार समारोह में पर्यटन सेवाओं के लिए वर्ष के दौरान लीज़र एवं ट्रेवल ई–रिटेलर श्रेणी में ई–रिटेल पुरस्कार 2017 से सम्मानित किया गया है। – 15.05.2017
3. प्रतिष्ठित डून एंड ब्रैडस्ट्रीट पीएसयू अवॉर्ड्स 2017 प्राप्त होने से आईआरसीटीसी गौरान्वित महसूस कर रहा है। यह पुरस्कार नई दिल्ली के हयात रीजेंसी में आयोजित एक शानदार समारोह में प्रदान किया गया। – 27.07.2017
4. आईआरसीटीसी देश में एक अग्रणी पर्यटन संगठन को हाल ही में प्रतिष्ठित इण्डिया टूरिज़्म कॉन्कलेव एंड ट्रैवल अवार्ड समारोह में देश में ''सबसे विश्वसनीय घरेलू पर्यटन ब्रांड के रूप में पुरस्कृत किया गया। – 29.07.2017
5. मजबूत विकास पथ पर चल कर आईआरसीटीसी ने प्रतिष्ठित फॉर्च्यून इंडिया में नेक्स्ट 500 सूची में भारतीय कंपनियों की रैंकिंग 2016 की 199 से 2017 में 62 तक पहुंच कर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। – 01.08.2017

6. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित महाराजा एक्सप्रेस, जिसका स्वामित्व और संचालन आईआरसीटीसी का है। वियतनाम के पेहू क्वेक में आयोजित शानदार समारोह में लगातार छठी बार (2012–17) के लिए 'अग्रणी लक्ज़री गाड़ी' के लिए विश्व यात्रा पुरस्कार प्राप्त किया है। – 10.12.2017

7. आईआरसीटीसी को भारत की छवि वृद्धि/वैश्विक ब्रांड बनाने की श्रेणी में भास्कर इण्डिया प्राईड अवार्ड्स से सम्मानित किया गया।

15. संयुक्त उपक्रम / सहायक कम्पनियां

क. कम्पनी का एक मात्र संयुक्त उपक्रम कॉक्स एंड किंग्स लिमिटेड के साथ 50:50 इक्विटी भागीदारी करके रॉयल इंडियन रेल टूर लिमिटेड (आरआईआरटीएल) के नाम के साथ अधिग्रहण, साज सज्जा, अनुरक्षण, प्रबंधन ओर लग्ज़री गाड़ी का परिचालन करने, हॉलीडे पैकेजों के विपणन के उद्देश्य से 27 नवम्बर 2008 को स्थापना करके और ऐसी लग्ज़री गाड़ियों का आन्तरिक हिस्सा बने।

तद्नुसार एक लग्ज़री गाड़ी जिसमें 23 कोच थे, का कम्पनी के द्वारा निर्माण, साजसज्जा और फंड की व्यवस्था और महाराजा एक्सप्रेस के नाम से विपणन और संचालन, परिचालन करने हेतु लग्ज़री पर्यटन गाड़ी को 15 वर्ष की अवधि के लिए प्रबंधन हेतु रॉयल इंडिया रेल टुर्स लिमिटेड (आरआईआरटीएल) की लीज़ पर दी गई तथापि इक्विटी भागीदारी के मध्य कुछ समस्याएं होने के कारण लग्ज़री गाड़ी की लीज़ समाप्त कर ली गई और संयुक्त उपक्रम करार दिनांक 10 दिसम्बर 2008 को 12 अगस्त 2011 को समाप्त कर दिया गया था। माननीय उच्चतम न्यायलय ने आईआरसीटीसी को इस लग्ज़री गाड़ी को परिचालित करने की अनुमति प्रदान की है।

कॉक्स एण्ड किंग्स लिमिटेड ने संयुक्त उपक्रम करार की बहाली के लिए मध्यस्थता की कार्यवाही की शुरूआत की। आर्बिट्रल ट्रिब्यूनल में मध्यता बहस के स्तर पर है। कॉक्स एंड किंग्स लिमिटेड आरआईआरटीएल ने आर्बिट्रल ट्रिब्यूनल के आरआईआरटीएल के नाम को हटाने के आदेशों के खिलाफ उच्च न्यायलय में अपील दायर की है जो कि बहस के लिए सूचीबद्ध है।

ख. आईआरसीटीसी ने रॉयल इंडियन रेल टूर्स लिमिटेड (आरआईआरटीएल) और कॉक्स एंड किंग्स लिमिटेड के खिलाफ नेशनल कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) (पूर्व कम्पनी लॉ बोर्ड) में कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 388 बी 397, 398, 399 और 403 के अर्न्तगत याचिका दायर की है याचिका न्यायधीन है। संयुक्त उपक्रम का विवरण 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाली अवधि के वित्तीय विवरणों के नोट 37.3 और 45 में दिया गया है। आरआईआरटीएल ने भी जुलाई 2013 में बिना अनुमोदन के बोर्ड और आम बैठक नही करने के लिए एनसीएलटी से अनुमति ले ली है।

16. वित्तीय विवरणों का समेकन

जैसा कि ऊपर पैरा में उल्लेख किया गया है कॉक्स एंड किंग्स लिमिटेड के साथ बकाया विवाद के चलते वित्तीय वर्ष 2010–11 से कम्पनी के साथ बोर्ड की बैठकें और आम बैठकों का आयोजन नहीं किया गया है। अतः कम्पनी अधिनियम 2013 के अन्तर्गत धारा 129 (3) के अन्तर्गत वित्तीय विवरणों के समेकन का कार्य नहीं किया जा सका जिसे कि 31 मार्च 2018 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए वित्तीय विवरण के लेखों पर टिप्पणी के नोट 45 में स्पष्ट और प्रकटन किया जा चुका है।

17. लेखा परीक्षक

17.1 सांविधिक लेखा परीक्षक

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 139 (5) के अन्तर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने मैसर्स सर्वा एसोसिएट्स, को वित्त वर्ष 2017–18 के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा हेतु सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया। सांविधिक लेखा परीक्षक को वर्ष 2017–18 के लिए लेखा परीक्षा शुल्क लागू करों सहित तथा जेब खर्च के लिए 9.50 लाख रुपये का भुगतान किया गया है।

17.2 सचिवीय लेखा परीक्षा

कम्पनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति एवं परिलब्धियां) नियम, 2014 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 204 के उपबंधों के अनुसार, वित्त वर्ष 2017–18 के लिए आईआरसीटीसी ने सचिवीय लेखा परीक्षा करने के लिए, कम्पनी सचिवों की एक स्वतंत्र प्रैक्टिसिंग फर्म मैसर्स अखिल रोहतगी, कम्पनी सचिव को नियुक्त किया।

31 मार्च 2018 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट इस रिपोर्ट के साथ **अनुबंध–''घ''** के रूप में संलग्न है। सचिवीय लेखा परीक्षक के द्वारा अपनी रिपोर्ट में कुछ रेलनीर यूनिटों के लीगल मेट्रोलॉजी अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत पंजीकृत नहीं होने की टिप्पणी है।

सचिवीय लेखा परीक्षक के द्वारा उल्लेखित टिप्पणी का स्पष्टीकरण / उत्तर निम्न प्रकार हैः

''रेलनीर के सात संयंत्रों में से तीन संयंत्र पहले से ही लीगल मेट्रोलॉजी अधिनियम 2009 के अन्तर्गत पंजीकृत हैं। शेष 04 संयंत्रों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और ये शीघ्र ही पंजीकृत हो जाएंगे।''

17.3 आंतरिक लेखा परीक्षक

कम्पनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 13 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 138 के अनुसार कम्पनी ने वित्त वर्ष 2017–18 के आंतरिक लेखा परीक्षा का कार्य देखने के लिए एक स्वतंत्र चार्टर्ड अकाऊन्टेन्ट फर्म, मैसर्स के. एस. चौधरी एण्ड कम्पनी चार्टर्ड अकाऊन्टेन्ट को नियुक्त किया है। इस फर्म के कार्य क्षेत्र और किए जाने वाले कार्यों का विवरण प्रबंधन विचार विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट में संलग्न है।

17.4 लागत लेखा परीक्षक

चूंकि आईआरसीटीसी व्यवसाय क्षेत्र की कम्पनी होने के कारण कम्पनी मामलों के मंत्रालय के द्वारा अधिसूचित नए लागत लेखा परीक्षा नियम के अन्तर्गत नहीं आती है तथापि कम्पनी ने लागत लेखा परीक्षक मैसर्स संजय गुप्ता एण्ड एसोसिएट को वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए स्वैच्छिक आधार पर रेल नीर संयंत्र द्वारा अनुरक्षित लागत रिकॉर्ड की लागत लेखा परीक्षा कराई है।

18. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएंडएजी) की टिप्पणी

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (6) के अन्तर्गत 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के लेखों की पूरक लेखा परीक्षा की है।

31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वार्षिक लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणी को भी इस रिपोर्ट में शामिल किया गया है।

19. निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण

कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134 (5) के अनुसरण में एतद्द्वारा निम्नलिखित की पुष्टि करता है:–

(i) वार्षिक लेखा तैयार करते समय लेखाकरण के लागू मानकों का समुचित स्पष्टीकरणों सहित अनुसरण किया गया है और इसमें कोई वास्तविक विपथन नहीं किया गया है;

(ii) निदेशकों ने ऐसी लेखाकरण नीतियों का चयन किया है और उनको लगातार लागू किया है तथा ऐसे निर्णय लिए तथा अनुमान तैयार किए हैं जो उचित और विवेक सम्मत थे, ताकि, उनसे वित्तीय वर्ष के अंत में कम्पनी कार्यों की स्थिति का तथा कंपनी के लाभ एवं हानि का वास्तविक और सही चित्र प्रस्तुत हो सके;

(iii) निदेशकों ने कम्पनी की परिसंपत्तियों को सुरक्षित रखने तथा धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार लेखाकरण के समुचित रिकार्ड रखने के संबंध में उचित और पर्याप्त सावधानी बरती है;

(iv) निदेशकों ने वार्षिक लेखा 'चालू कंपनी' के आधार पर तैयार किए हैं; और

(v) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के उपबंधों का अनुपालन करने के लिए उचित प्रणालियां खोज निकाली है और ऐसी प्रणालियां पर्याप्त थी और उनका संचालन प्रभावी ढंग से हो रहा था।

20. निदेशक और महत्वपूर्ण प्रबंकीय कर्मचारी (केएमपी)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, निदेशक (वित्त), निदेशक (खानपान सेवाएं), निदेशक (पर्यटन एवं विपणन), मुख्य वित्त अधिकारी और कम्पनी सचिव कम्पनी के महत्वपूर्ण प्रबंधन कर्मी (केएमपी) है।

पिछली वार्षिक आम सभा के पश्चात् निदेशक मंडल और प्रमुख प्रबंधकीय कर्मचारियों में निम्नलिखित बदलाव हुए हैं:–

नियुक्तः

(i) **श्री महेन्द्र प्रताप मल्ल** (डीआईएन–02316235) ने कम्पनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार दिनांक 18 सितम्बर 2017 से संभाला।

(ii) **प्रो. सचिन चतुर्वेदी** (डीआईएन–07960871) दिनांक 10 अक्तूबर 2017 से कम्पनी के निदेशक मंडल में अंशकालिक (गैर–सरकारी) निदेशक नियुक्त किए गए।

(iii) **श्री कोमल रामचन्द्रन सुन्दरमूर्ती** (डीआईएन–07965899) दिनांक 13 अक्तूबर 2017 से कम्पनी के निदेशक मंडल में अंशकालिक (गैर–सरकारी) निदेशक नियुक्त किए गए।

(iv) **सुश्री सरिता देशपाण्डेय** (डीआईएन–08098222) दिनांक 29 मार्च 2018 से कम्पनी के निदेशक मंडल में अंशकालिक (गैर–सरकारी) निदेशक नियुक्त की गई।

(v) **श्रीमती रजनी हसीजा (डीआईएन–08083674)** दिनांक 18 मई 2018 से कम्पनी के निदेशक मंडल में निदेशक (पर्यटन एवं विपणन) नियुक्त की गई।

